दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 206
कोटद्वार मंगलवार
29 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार



खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com



कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## बारात में जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, किशोर की मौत

**कंडीसौड़ (टिहरी)।** ऋषिकेश गंगोत्री हाईवे पर कमांद के समीप सांकरी के पास एक मारुति सड़क में पलटकर दुर्घनाग्रस्त हो गई। सोमवार को वाहन नेरी से बेलगांव बरात में जा रहा था। वाहन में कुल छह लोग सवार थे। जिसमें से 13 वर्षीय एक बालक की मौके पर ही मौत हो गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने एक किशोर की मौत की पुष्टि की है। अभी अन्य घायलों को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।अ न्य घायलों को बौराड़ी चिकित्सालय लाया गया है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईद्गाह विवाद : आठ दिसंबर को आ सकता है निर्णय

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा के जिला जज राजीव भारती की अदालत में एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र माहेश्वरी ने कहा कि सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत से श्रीष्ण जन्मस्थान के सभी केसों को किसी सीनियर कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया जाए, जहां पर इन सभी केसों की सुनवाई हो सके। वहीं शाही ईद्गाह मस्जिद के सचिव एडवो-केट तनवीर अहमद और अन्य ने भी अपना पक्ष रखा। जिला जज ने इस संबंध में निर्णय के लिए आठ दिसंबर की तारीख तय कर दी है, जबकि इसी अदालत में 7 रूल 11 पर भी सुनवाई हुई।

एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र माहेश्वरी द्वारा अदालत में दावा किया गया है कि श्रीष्ण जन्मस्थान मंदिर की 1337 एकड़ जमीन पर ही ईद्गाह को तैयार किया गया है। उनके इस दावे की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन में चल रही थी। सीनियर सिविल जज की अदालत ने पहले 7 रूल 11 (केस के स्थायित्व) सीपीसी पर सुनवाई का आदेश दिया था। वादी अधिवक्तागण ने जिला जज की अदालत में पहले 7 रूल 11 सीपीसी पर सुनवाई संबंधी आदेश को रिवीजन के रूप में चुनौती दी। साथ ही एक अलग से प्रार्थना पत्र इन सभी केसों के स्थानांतरण और अलग कोर्ट बनाने संबंधी दिया है।

सोमवार को जिला जज ने स्थानांतरण संबंधी मांग पर दोनों पक्षों की बहस सुनी और फाइल पर आदेश करने के लिए आठ दिसंबर की तारीख तय की है। वहीं 7 रूल 11 पर अन्य अदालती प्रक्रिया पूरी की। इस मामले में भी जिला जज ने सुनवाई के लिए आठ दिसंबर की तारीख तय की है।

## प्रदूषण फैलाने पर विवो कंपनी पर 25 लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा ,(एजेंसी)।** प्रदूषण फैलाने वालों पर विभाग की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा स्थित विवो मोबाइल की मैन्युफैक्च रिंग यूनिट पर 25 लाख का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी प्रदूषण फैलाने का काम कर रही थी। इस पर मौके पर जाकर अधिकारियों ने जांच की और 25 लाख का जुर्माना लगाया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से ग्रेप का उल्लंघन किए जाने पर विवो मोबाइल कंपनी के निर्माणाधीन उत्पादन यूनिट पर प्रदूषण फैलाने पर जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा के सेक्टर टेकजोन चार स्थित एक आवासीय परिसर और टेकजोन चार स्थित श्री राम यूनिवर्सल स्कूल पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ग्रेटर नोएडा राधे श्याम ने बताया कि ग्रेप के स्टेज तीन के नियम लागू हैं।

# सीएम ने विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर दी विकास की सौगात

**नई टिहरी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत परोगी (अगलाड़) थत्यूड़ में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने अठजूला क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी की विभिन्न विकास योजनाओं के तहत लगभग 126.58 करोड़ रुपए की 29 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्र के लोगों को विकास की सौगात दी गई। जिसमें 21.53 करोड़ रुपए के 07 लोकार्पण एवं 105.05 करोड़ रूपये के 22 शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने परोगी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने तथा अठजूला क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समिति, परोगी नैनबाग जौनपुर टिहरी गढ़वाल को इस वर्ष महोत्सव हेतु 02 लाख देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम, मेले एवं महोत्सव गांवों को जोड़ने का कार्य करने के साथ ही लोक संस्कृति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इगास के दिन अवकाश घोषित की गई। आज लगभग 125 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया, जिसमें लम्बे समय से मांग की जा रही काण्डी पम्पिंग पेयजल योजना भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक लोगों की सेवा के लिए तत्पर है। अधिकारियों को सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण के मूल मंत्र पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अकादमी में आयोजित चिंतन शिविर में राज्य के विकास के लिए अनेक विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर-ाखण्ड को 2025 तक देश के श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। सभी प्रदेशवासियों के सहयोग से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है।

विधायक राजपुर खजान दास ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जो विकास कार्य किये जा रहे हैं, वह दिख रहे हैं, जितनी भी घोषणाएं की गई हैं, वह पूरी हो रही है। विकास गोष्ठियां विकास का एक मंच होता है। इस अवसर पर उन्होंने नंदा गौरा कन्या योजना में आने वाली समस्याओं के शीघ्र समाधान की भी बात कही। विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने परोगी क्षेत्र में मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते हुए उन्हें लोक संस्कृति प्रेमी बताया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री का इस क्षेत्र से विशेष लगाव है। हमारे जौनपुर क्षेत्र ने हमेशा हमारी लोक संस्कृति, खान पान का संरक्षण किया है। उन्होंने कहा आज मुख्यमंत्री द्वारा 126 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है, जो इस क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य कोठारी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नौटियाल, अध्यक्ष डीसीबी सुभाष रमोला, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल डॉ. सौरभ गहरवार, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा, अध्यक्ष अठजूला क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समिति परोगी रणवीर सिंह सजवाण, मण्डल अध्यक्ष भाजपा नैनबाग हुकुम सिंह, ब्लॉक प्रमुख जौनपुर श्रीमती सीता रावत, जिला पंचायत सदस्य सुकविता रौतेला, डीडीओ सुनील कुमार, उपजिलाधिकारी धनोल्टी लक्ष्मीराज चौहान सहित अन्य गणमान्य एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पांच लोगों को सब्सिडी पर कृषि यंत्र वितरित किये

इस मौके पर जिला प्रशासन द्वारा बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उपकरण, दवा एवं बीज वितरित किये गये। आयुष विभाग द्वारा 60 लोगों को दवा वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग 04 लोगों का पंजीकरण/स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई तथा 10 लोगों का कोविड वैक्सीनेशन किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 17 नये पेंशन के आवेदन पत्र प्राप्त किये गये। कृषि विभाग द्वारा 26 लोगों को कृषि बीमा एवं 05 लोगों सब्सिडी पर कृषि यंत्र वितरित किये गये।



## गुलदार के हमले में दो महिला और एक युवक घायल, लोगों में दहशत



**अल्मोड़ा :** द्वाराहाट विकासखंड के निकटवर्ती गांव मल्ली मिरई के भौरा तोक में सोमवार शाम 5 बजे तेंदुए ने तीन लोगों पर अचानक हमला कर दिया। जिसके बाद निकटवर्ती ग्रामवासियों में भय का माहौल बन गया है। आपको बता दे तेंदुए के हमले से 2 महिलाएं और एक युवक घायल हो गया, पीड़ित युवक ने बताया किवह घर के पास पानी के पाइप ठीक करने गया था। अचानक झाड़ियों में घात लगाए तेंदुए ने उन पर हमला बोल दिया, उनके बचाव के लिए आई महिला को तेंदुआ कुछ दुरी तक घसीट कर ले गया। गनीमत की बात यह रही की तीनों की जान बच गई। ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वाराहाट में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द पिंजरा लगाने की मांग की है अन्यथा वो आंदोलन को बाध्य होंगे। (एजेंसी)

## गुलदार ने 12 साल के अर्नव को बनाया निवाला


नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की बालगंगा रेंज के मयकोट गांव में को गुलदार ने 12 वर्षीय किशोर को अपना निवाला बना दिया। गुलदार के हमले की घटना के बाद से परिजनों में जहां कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में दहशत का माहौल बना है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को आदमखोर घोषित कर गांव में शूटर तैनात करने की मांग की है।

मयकोट के ग्राम प्रधान वीरपाल बिष्ट ने बताया कि रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे राजूहा केमरिया सौड़ के कक्षा 6 का छात्र अर्नव पुत्र रणवीर चंद रमोला अपने दोस्त के घर गया था। लेकिन देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी जब अर्नव का पता नहीं चला तो, परिजनों ने बच्चे के लापता होने की सूचना थाना घनसाली को दी। थाना घनसाली की टीम ने वन विभाग व तहसील प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से अर्नव की खोजबीन शुरू की। तो रात ढाई बजे के करीब उसका अधखाया शव गांव से कुछ दूर नहर के पास झाड़ियों में मिला। बच्चे का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

सुबह प्रशासन व वन विभाग की टीम ने सीएचसी पिलखी में बच्चे का पोस्टमार्टम करवाया। घटना के बाद मयकोट गांव पहुंचे एसडीएम केएन गोस्वामी, तहसीलदार एलएस नेगी, रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने परिजनों को सांत्वना दी।

सिंधिया ने राहुल गांधी पर कसा तंज, कहा-

## पूर्वोत्तर में हवाई कनेक्टिविटी है वास्तविक भारत जोड़ो यात्रा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** नागरिक उड्डयन मंत्री (एमओसीए) ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्वोत्तर की वायु और रेल कनेक्टिविटी असल मायने में भारत जोड़ो यात्रा है। सिंधिया ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का नाम लिए बिना एएनआई से कहा, ष्सभी राज्यों के साथ पूर्वोत्तर (एनई) क्षेत्र के साथ हवाई और रेल कनेक्टिविटी असली श्भारत जोड़ोश है।ष मंत्री की यह टिप्पणी महानगरों मुंबई और कोलकाता के साथ उत्तर पूर्व क्षेत्र में होलोंगी (ईटानगर) हवाई अड्डे से हवाई संपर्क के उद्घाटन के मौके पर आई। भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया 150 दिनों का लंबा मार्च फिलहाल मध्य प्रदेश में है।ईटानगर हवाई अड्डा, जिसे होलोंगी हवाई अड्डे के रूप में भी जाना जाता है और आधिकारिक तौर पर डोनी पोलो हवाई अड्डे के नाम से जाना जाता है, एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने सोमवार को नई दिल्ली से इंडिगो के उड़ान संचालन को हरी झंडी दिखाई जो ईटानगर को कोलकाता के रास्ते मुंबई से जोड़ता है। सिंधिया ने कहा, ष्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में डोनी पोलो हवाई अड्डे का उद्घाटन किया है और आज ऐतिहासिक दिन है कि हम दो मेट्रो शहरों से ईटानगर के लिए उड़ान सेवा का उद्घाटन कर रहे हैं।ष्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल नवंबर के पहले सप्ताह में ईटानगर में होलोंगी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का नामकरण डोनी पोलो हवाई अड्डे के रूप में करने को मंजूरी दी।

## राजभवन ने राज्यपाल का इस्तीफे की अटकलों को खारिज किया



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के राज्यपाल ने हाल ही में छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने मराठा योद्धा को पुराने आदर्श बताया था। तब से विवाद बढ़ता जा रहा है। इस बीच, इस तरह की खबरें भी फैलाई जा रही हैं कि टिप्पणी को लेकर बढ़ते दावा के बीच भगत सिंह कोश्यारी पद छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, राजभवन के सूत्रों ने इन खबरों को निराधार बताया है।

राजभवन ने सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा, राज्यपाल के इस्तीफे पर विचार करने की खबरें निराधार हैं। वहीं, पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने राज्यपाल की टिप्पणी के खिलाफ न बोलने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की है। ठाकरे ने ट्वीट कर कहा कि यह शर्मनाक है कि राज्यपाल को अभी तक हटाया नहीं गया है और सरकार इस पर नहीं बोल रही है।

कोश्यारी ने कहा, जब हम स्कूल में पढ़ते थे, तो हमारे शिक्षक हमसे पूछते थे कि आपका पसंदीदा नेता या हीरो कौन है? कुछ सुभाष चंद्र बोस तो कुछ नेहरू जी या गांदी का नाम बताते थे। मुझे लगता है कि अब आपसे कोई पूटे कि आपका आदर्श कौन है? आपका पसंदीदा नेता कौन है? तो इसके लिए आपको बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आपको यह महाराष्ट्र में ही मिल सकते हैं। शिवाजी महाराज पुराने युग की बात है। मैं आज के समय की बात कर रहा हूं। आप इन्हें यहीं ढूंढ सकते हैं ड. अंबेडकर से लेकर डक्टर नितिन गडकरी तक में।

पुणे में भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने कहा, विभिन्न राजनीतिक दल छत्रपति शिवाजी महाराज की विचारधारा का पालन करते हैं। जब तरह-तरह के अपमानजनक बयानों से उनका अपमान होता है, तो ये राजनीतिक दल नाराज क्यों नहीं होते? इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आना चाहिए।

भाजपा सांसद ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज पर राज्यपाल कोश्यारी द्वारा दिए बयान को लेकर मैंने राष्ट्रपति और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है। जब इतने ऊंचे पद पर आसीन व्यक्ति इस तरह का बयान देता है, तो यह अक्षम्य है।

## डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में स्कूल में बम की सूचना के बाद हड़कंप, परिसर को खाली कराकर शुरू की तलाशी

**दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के डिफेंस कलोनी क्षेत्र में स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ई-मेल के माध्यम से भेजी गई धमकी के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्कूल खाली कराया गया। स्कूल में तलाशी अभियान चलाया गया है।पुलिस ने बताया कि बीआरटी मार्ग पर सादिक नगर में स्थित स्कूल की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर दोपहर 1.19 बजे एक मेल आया कि स्कूल परिसर में एक बम है। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया और परिसर को तत्काल खाली कराया गया। पूरे स्कूल की तलाशी ली गई लेकिन कोई बम नहीं मिला।इस बीच साइबर टीम ने ई-मेल की भी जांच की। मौके पर बम निरोधक दस्ता, डग स्क्वायड के साथ-साथ डिदें स कलोनी पुलिस थाने से बल मौके पर पहुंच गया। इसके बाद लोगों की सांस में सांस आई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# पहले जब नौकरी निकलती तो चाचा-भतीजे वसूली पर निकल पड़ते थे :योगी

**लखनऊ एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मैनपुरी जिले में करहल के नरसिंह यादव इंटर कलेज मैदान में बीजेपी प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि महात्मा विदुर, महर्षि श्रृंगी और महर्षि वेदव्यास की तपोभूमि मैनपुरी नया इतिहास लिखने जा रही है। पहले जब युवाओं के लिए नौकरी निकलती थी तब वसूली के लिए चाचा अलग और भतीजे अलग निकल पड़ते थे। शोषण होता था युवाओं का और बदनाम होता था इटावा और मैनपुरी। अब मैनपुरी के लोग एक परिवार की विरासत से निकलकर श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासश की परंपरा का पालन करने वाली भारतीय जनता पार्टी की जीत का इतिहास बनाने वाले हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी की धरती से मुलायम सिंह यादव को नमन करते हुए कहा कि नेताजी ने 2014 में ही संसद में कह दिया था कि अब भाजपा ही आएगी। नेताजी के आशीर्वाद का परिणाम था कि हमने आजमगढ़ और रामपुर में सपा के परंपरागत सीटों को ध्वस्त करते हुए भारी बहुमत से जीत हासिल की और अब मैनपुरी भी हम जीतने जा रहे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा पर सीधे सीधे हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग सेक्युलरिज्म के नारे लगाते हैं और समाजवाद की बात करते हैं, मगर काम केवल परिवारवाद का करते हैं। उन्हें सब परिवार का ही चाहिए। सांसद, मंत्री, विधायक यहां तक कि ब्लक प्रमुख भी परिवार का ही होना चाहिए। अखिलेश यादव पर जुबानी हमला करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उन्हें अपने मित्रमंडली से फुर्सत मिले तब तो वो जनता के बीच आएं। वह केवल मैनपुरी की जनता की भावनाओं को बहकाने आते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां से कई बार चुनाव जीतने वाले नेताओं ने जनता के साथ छल करके बंगले बना लिए, मगर मैनपुरी इटावा के गरीबों के मकान तो दूर उनकी जमीनों पर ही कब्जा हो गया। गरीबों की संपत्ति पर जिसने कब्जा किया, उनकी सम्पत्ति जब्त करके उसपर हम गरीबों का मकान बनवा रहे हैं। माफिया की जमीन जब्त की जा रही है। जिसने भी गरीबों की जमीन हड़पने की जुर्रत की उसे ब्याज सहित चुकता करना पड़ेगा। आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है। खनन और भू माफिया कभी यहां गरीबों और व्यापारियों की संपत्तियों पर कब्जा करते थे, आज उन्हें पता है कि जो कब्जा किया है वो तो जाएगा ही, साथ में बाप दादा की संपत्ति भी चली जाएगी। ये नया उत्तर प्रदेश है, जो गरीब, किसान, बहन-बेटियों की सुरक्षा और स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। ये दंगामुक्त प्रदेश कानून के राज पर विश्वास करता है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के शासन में ना गरीबों को कभी शौचालय मिला, ना रसोई गैस कनेक्शन और ना ही बिजली कनेक्शन। मगर भाजपा शासन में जाति, मत, मजहब, पंथ के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। आज प्रदेश के हर गरीब को बिना भेद भाव के पक्के मकान दिये जा रहे हैं। हमने अबतक 45 लाख पक्के मकान गरीबों को दिया है। साथ ही 10 लाख मकान बनकर तैयार हैं जिन्हें हम गरीबों को देने जा रहे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हर जाति का नौजवान बिना पैसे दिये सरकारी नौकरी और शासन की योजनाओं को प्राप्त कर रहा है। पहले नौकरी निकलती थी तो चाचा अलग निकल पड़ते थे वसूली के लिए और भतीजे अलग निकल पड़ते थे। शोषण होता था नौजवानों का, बदमान होता था इटावा और मैनपुरी। आज बिना भेदभाव के नौकरी मिलती है।



मुख्यमंत्री ने शिवपाल यादव की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज उनकी हालत पेंडुलम की तरह हो गयी है। बेचारे को पिछली बार कितना बेइज्जत किया गया। कुर्सी तक नहीं मिली, कुर्सी के हैंडिल पर बैठना पड़ा। आज जो लोग फुटबल बने हुए हैं उन्हें सम्मान और स्वाभिमान के लिए काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां जाति, मत और मजहब का भेद नहीं।

कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर जा सकता है। कोई भी किसी एक खास परिवार का नहीं है। अलग अलग परिवार और मत-मजहब, जाति के होने के बावजूद हम एक भाजपा परिवार हैं और मैं भाजपा परिवार में मैनपुरी को मिलाने आया हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। अयोध्या के विकास के लिए आज 30 हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही है। विकास की ऐसी ही प्रक्रिया आपके क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगी। इसके लिए अच्टे लोगों को चुनना होगा, अवसरवादियों को नहीं। केवल चुनाव के समय नातेदारी गढ़ने वालों के साथ नहीं, बल्कि हर समय आपके सुख दुख में खड़े होने वाले को चुनना होगा।

## चार साल से फरार अपर सहायक अभियंता गिरफ्तार

**नई टिहरी।** हिंडोलाखाल थाना पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे लघु सिंचाई के अपर सहायक अभियंता को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। अपर सहायक अभियंता के खिलाफ हिंडोलाखाल थाने में वर्ष 2018 में विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी बलदेव सिंह कंडियाल ने बताया कि जाखणीधार ब्लक के मोली गांव में लघु सिंचाई विभाग की ओर से पेयजल लाइन, गूल निर्माण आदि में गंभीर अनियमितताएं की गयी थी। जिस पर यहां कार्यरत अपर सहायक अभियंता पुष्कर सिंह नेगी के खिलाफ धोखाधड़ी, दस्तावेजों में हेरा फेरी, फर्जी भुगतान आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद अपर सहायक अभियंता ने अपनी गिरफ्तारी को लेकर हाईकोर्ट स्टे ले लिया था और तभी से वह फरार चल रहा था। एसएसपी टिहरी के निर्देश पर गैर जमानती वारंटियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एसआई धनंजय कुमार की अगुवाई में अपर सहायक अभियंता को कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो सका जम्मू-कश्मीर में पंचायतों का गठन : महाराज

## जम्मू-कश्मीर से आये पंचायत प्रतिनिधियों ने की पंचायत मंत्री से भेंट

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही जम्मू-कश्मीर में पंचायतों का गठन संभव हो पाया है। इसलिए अब पंचायतों को सशक्त करने के लिए आपको बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। उक्त बात प्रदेश के काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने जिला पंचायत कार्यालय सभागार (गौरव होटल) में सोमवार को जम्मू-कश्मीर से पंचायतों की कार्यप्रणाली समझने उत्तराखण्ड आए सैकडों पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही।



काबीना मंत्री सतपाल महाराज से वार्ता करते हुए जम्मू-कश्मीर के पंचायत प्रतिनिधि।

पंचायत मंत्री सतपाल महाराज ने जम्मू-कश्मीर से आये पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आपको चुनाव का अधिकार मिला है और पंचायतों का गठन संभव हो पाया है। इसलिए अब पंचायतों को सशक्त करने के लिए आपको बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पंचायत राज मंत्री गिरिराज सिंह के प्रयासों से पंचायतों को सशक्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को कई अधिकार दिए जा रहे हैं। 29 विषय हैं जिन्हें पंचायतों को कंट्रोल करना है और अपने क्षेत्र का विकास करना है। पंचायत मंत्री ने उत्तराखंड में पंचायती राज विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कश्मीर से आए पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायतों के सशक्तिकरण का मंत्र देते हुए कहा कि आप भी अपने पंचायतों की आय बढ़ाने का उपाय करें और उस आय से पंचायतों का विकास करें। ऐसी फसलों का उत्पादन करें जिसे बंदर नुकसान न पहुंचा सकें।

मालाबार नीम, नींबू, आंवले आदि को लगायें। हमारे सम्मुख इस समय सबसे बड़ी चुनौती पंचायतों को स्वच्छ रखने की है इस विषय में भी हमें प्रमुखता से सोच रहे हैं। आपके यहां जो पंचायतों के सशक्तिकरण का मॉडल आया है उसमें सब को सम्मिलित होना चाहिए। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के संयुक्त निदेशक राजीव नाथ त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## गांव में पहली बार पहुंचा वाहन, ग्रामीणों ने मनाया जश्न

विकासनगर। चकराता ब्लाक के दुर्गम गांव खनाड तक जिला पंचायत के सड़क बनाए जाने और वाहन के गांव तक पहुंचने पर ग्रामीणों ने जश्न मनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यों का आभार जताया।

चकराता ब्लाक के दुर्गम गांव खनाड तक मोटर मार्ग बनाये जाने की मांग ग्रामीण लंबे समय से करते आ रहे थे। लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा मिंडाल मोटर मार्ग से जुड़े इस गांव को सड़क से नहीं जोड़ा जा रहा था। इससे ग्रामीणों को अपने गांव तक पैदल ही आवागमन करना पड़ता था।

सबसे ज्यादा समस्या ग्रामीणों को बीमार मरीजों व नगदी फसलों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाने में आती थी। सोमवार को गांव तक सड़क पहुंचने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और गांव तक गाड़ी पहुंचने पर ग्रामीणों ने जश्न मनाया। मोहना की जिला पंचायत सदस्य मीरा जोशी ने बताया कि पूर्व में इस ढाई किलोमीटर लंबे मार्ग पर कुराड़ से 600 मीटर तक सड़क ग्राम प्रधान ने कटवाई, लेकिन बजट के आभाव में उससे आगे सड़क नहीं बन पाई। इसके बाद क्षेत्रवासियों की समस्या को देखते हुए उन्होंने कुराड़ खनाड तक के बचे हिस्से को जिला पंचायत के माध्यम से बनवाया गया है। कहा कि सड़क अभी कच्ची है लेकिन अब ग्रामीणों को पैदल नहीं चलना पड़ेगा। उधर, ग्रामीणों ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान व सदस्य मीरा जोशी का आभार जताया है। इस मौके पर स्याना नरेश भट्ट, कृपा राम जोशी, सुरेंद्र भट्ट, मायाराम जोशी, ठेकेदार अर्पित जोशी, पूर्व बी डी सी कलम दास, कुंदन दास आदि उपस्थित थे।



## राज्य आंदोलनकारियों ने दिया विधानसभा के समक्ष धरना

देहरादून। 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का मसला कैबिनेट में ना आने से नाराज उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने एकदिवसीय धरना विधानसभा के सामने रखा। इसमें राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन समेत अनेक सुविधाओं के लिए आयोग बनाने की मांग, अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच जज की निगरानी में करने, सभी भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की जज की निगरानी में करने, राज्य आंदोलनकारियों का 10% आरक्षण विधेयक जल्द पास करने, महिलाओं का 30% आरक्षण विधेयक जल्द पास करने, मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को सजा देने के लिए ठोस पैरवी करने, क्षेत्रफल के अनुसार परिसीमन करने, भू कानून लागू करने, राजधानी गैरसैण घोषित करने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है।

## अंकिता हत्या की जांच सीबीआई से करवाने की मांग

ऋषिकेश। अंकिता हत्याकांड में छिपे वीआईपी के नामों को उजागर करने की मांग ने फिर जोर पकड़ने लगी है। युवा न्याय संघर्ष समिति के धरने पर 46 दिनों से डटे लोगों ने अंकिता हत्याकांड की जांच सीबीआई और वीआईपी का पर्दाफाश करने की मांग प्रदेश सरकार से की। वहीं, धरनास्थल पर पहुंचे ज्वालापुर (हरिद्वार) विधायक रवि बहादुर और आईडीपीएल आवासीय कल्याण समिति ने आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की। अंकिता को न्याय दिलाने के लिए युवा न्याय संघर्ष समिति का आंदोलन और आमरण अनशन सोमवार को भी जारी रहा। आमरण अनशन पर कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला, वंदेमातरम संस्थापक जितेंद्र पाल पाठी, शिक्षाविद संजय सिलस्वाल व भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष यशवंत सिंह रावत और सूरज कुकरेती बैठे।

## उक्रांद युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बृजमोहन सजवाण और अशोक बोहरा को केंद्रीय महामंत्री बनाया है। देहरादून में पार्टी कार्यालय में सोमवार को हुई बैठक में प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। जिसके तहत रविंद्र ममगाईं को केंद्रीय प्रवक्ता, प्रीति थपालियाल, मनोज नेगी, उत्तम सिंह बिष्ट, दयाल नेगी, विनीति सकलानी, विकास भट्ट, मुकेश कुंद्रा को केंद्रीय संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। अजीत पंवार, अंकेश भंडारी, पंकज पोखरियाल, किशन बिहारी भट्ट, दीपक भाकुनि को केंद्रीय सचिव बनाया गया। वहीं, परवीन चंद रमोला को देहरादून परिक्षेत्र का महानगर अध्यक्ष चुनाया गया। केंद्रीय



अध्यक्ष बिष्ट ने सभी पदाधिकारियों से प्रदेश के हित में लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मौके पर युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय महामंत्री बृज मोहन सजवाण, रविंद्र ममगाईं, परवीन रमोला, विकास भट्ट, प्रीति थपलियाल, अरविंद बिष्ट, अंकेश भंडारी, पंकज पोखरियाल, जय प्रकाश उपाध्याय, मुकेश कुंद्रा, श्याम रमोला, शक्ति शैल कपरुवाण, आनंद प्रकाश जुयाल, किरन रावत, मीनाक्षी घिल्डियाल, शिव प्रसाद सेमवाल, जितेंद्र पंवार, अरुण नौटियाल आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : खेल महाकुंभ के अन्तर्गत जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक स्पोटर्स स्टेडियम गोपेश्वर में किया जाएगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रारद अधिकारी एसएस भण्डारी ने बताया कि खेल महाकुंभ के तहत न्याय पंचायत एवं ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफल खिलाड़ियों के बीच जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं मंगलवार से शुरू होने जा रही है। उन्होंने बताया कि 29 व 30 नवंबर को बालिकाओं की विभिन्न आयु वर्ग में तथा 1 व 2 दिसंबर को बालकों की विभिन्न आयुवर्ग में कबड्डी, खो-खो व वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके बाद 3 से 4 दिसंबर तक बालिका वर्ग और 5 से 6 दिसंबर तक बालकों की विभिन्न आयु वर्ग में एथलेटिक्स, टीटी एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताएं होंगी। बालक-बालिकाओं की विभिन्न आयवर्ग में जूड़ो, बाक्सिंग, कराटे, ताईक्वांडो, फुटबाल, हैण्डबाल तथा बास्केटबॉल प्रतियोगिताएं 7 व 8 दिसंबर को संपन्न कराई जाएंगी। इसके बाद 9 व 10 दिसंबर को दौड़, लम्बीकूद, ऊँचीकूद, क्रिकेट, बाल थ्रो, व चिनअप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### उत्तरांचल विवि में शुरू हुए यूजीसी से मान्यता प्राप्त आनलाइन डिग्री कोर्स

देहरादून। उत्तरांचल विवि में अब यूजीसी से मान्यता प्राप्त आनलाइन डिग्री कोर्स भी होंगे। विवि में इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) की मौजूदगी में इन कोर्सों का शुभारंभ किया गया। चांसलर डा. जितेन्द्र जोशी ने बताया कि ये कोर्स छात्रों को किफायती दर पर विश्व स्तरीय स्वीकृत पाठ्यक्रम के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। बताया कि ऑनलाइन लर्निंग मोड के तहत मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए), बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) और बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) प्रोग्राम अभी चलाए जाएंगे।

## मुख्य सचिव ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ.एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को ऋण वितरण सिस्टम के सरलीकरण पर ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऋण वितरण के प्रोसेस को जितना सरल किया जाएगा उतने अधिक लोग विभागीय योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे। मुख्य सचिव ने पर्वतीय क्षेत्रों में फूड प्रोसेसिंग पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर के साथ मिलकर पर्वतीय क्षेत्रों में छोटी-छोटी पैकेजिंग यूनिट लगाकर पर्वतीय स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में अगले 3 से 5 सालों का रोडमैप तैयार कर प्रस्तुतिकरण दिए जाने



की बात भी कही। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 4 जनपदों में संचालित मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना को प्रदेशभर में शुरू करने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने साइलेज की मांग के अनुसार पूर्ति सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी हितधारकों के साथ बैठकें आयोजित कर अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजनाएं तैयार की जाएं। साथ ही, इस दिशा में और क्या किया जा सकता है इस पर प्रस्तुतीकरण दिए जाने की भी बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के तहत पर्वतीय क्षेत्रों में बंजर पड़ी भूमि क्लस्टर आधारित खेती महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि बंजर भूमियों को आबाद करने से एक ओर जहाँ उत्पादन बढ़ेगा, वहीं रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। यह पलायन रोकने में भी मददगार साबित होगा। ऐसी फसलों पर भी फोकस किया जाए जिन्हें जंगली जानवर, बंदर-सुअर आदि नुकसान नहीं पहुंचाते। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री मोटर साइकिल टैक्सी योजना में मोटरसाईकिल ऋण की सीमा को 1 से बढ़ाकर 5 या 10 किए जाने की बात भी कही। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि आमजन को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए एमपैक्सों का कम्प्यूटरीकरण शीघ्र से शीघ्र किया जाए।

## कबड्डी प्रतियोगिता में जासोई हिमाचल प्रदेश प्रथम



विकासनगर। जौनसार बावर उत्थान समिति बाढ़ो की ओर से वायाधार मे आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जासोई हिमाचल प्रदेश प्रथम और बंजारा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। ओपन में महासू क्लब जौनसार बावर ए टीम प्रथम स्थान पर और महासू क्लब जौनसार बावर बी टीम द्वितीय स्थान रही। वहीं, लोक संस्कृति पर आधारित महिलाओं का रासो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डाबरा और द्वितीय स्थान पर बाढ़ो की टीम रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को चकराता के विधायक प्रीतम सिंह एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष मूरत राम शर्मा ने पारितोषिक वितरण किया।

शरद महोत्सव के अवसर पर वायाधार में आयोजित विशाल खेलकूद एवं सांस्कृतिक समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि चकराता के विधायक प्रीतम सिंह ने कहा है कि चकराता विधानसभा के अंदर अनेक मिनी स्टेडियम का निर्माण हुआ है। इसके पीछे की मंशा यह है कि यहां के युवा खेल के क्षेत्र में नियमित अपना कीर्तिमान स्थापित किया। कहा कि नियमित खेलने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वही अच्छे अच्छे खिलाड़ी आगे बढ़कर खेलकूद में अपना करिअर बना रहे हैं।

## झुके बिजली के पोल बन रहे परेशानी का सबब

विकासनगर। ऊर्जा निगम की लापरवाही पछुवादून के ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बिजली के पोल आधा से ज्यादा झुके हुए हैं, जिनसे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही झुके पोल ग्रामीणों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भी बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। आलम यह है कि कई माह तक शिकायत करने के बावजूद पोल सीधे नहीं किए जा रहे हैं। ताजा मामला तहसील क्षेत्र के हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगे हुए गांव कुंजा ग्रांट का है। गांव में करीब आठ बिजली के पोल झुके हुए हैं, जिनसे गुजर रही 11 केवी की लाइन से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीण सलीम, जावेद, इंतजार, शाहीन बीबी, मुस्तफा, कमाल, दिलवर ने बताया कि कई पोल आधे से अधिक झुके हुए हैं, जिनसे गुजर रही तारों के जमीन से टकराने का खतरा बना हुआ है। कई झुके पालों के कारण ग्रामीणों का निर्माण कार्य पिछले छह माह से रुका हुआ है। ऊर्जा निगम कार्यालय में कई बार लिखित शिकायत करने के साथ ही पोर्टल पर भी शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने जल्द झुके हुए पोलों को सीधा करने की मांग की है। उधर, ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि संबंधित एसडीओ को सभी झुके हुए पोल और झूलती तारें ठीक करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

## संदिग्ध मौत पर हत्या का मुकदमा दर्ज

ऋषिकेश। खारास्रोत के पास जंगल से एक व्यक्ति का संदिग्ध हालत में शव मिलने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मृतक के भाई की शिकायत पर भी की है। वारदात के खुलासे को पुलिस जांच में जुटी है। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक 24 नवंबर को खारास्रोत में जंगल से एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। शव की शिनाख्त विजयपाल पुत्र स्व. शूरवीर सिंह नेगी निवासी वार्ड नंबर सात, चौदहबीघा, मुनिकीरेती के रूप में हुई थी। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जाहिर की। प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि विजयपाल के भाई प्रेमपाल की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## हैंडबॉल में उड़ान एकेडमी और नेहरूग्राम ने जीता खिताब

देहरादून। जिला युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय खेल महाकुंभ में सोमवार को अंडर-21 हैंडबॉल प्रतियोगिता में उड़ान एकेडमी ने बालक व नेहरूग्राम ने बालिका वर्ग खिताब जीता। जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। पवेलियन मैदान में अंडर-21 आयु वर्ग की हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच खेले गए। बालक वर्ग में उड़ान एकेडमी ने राणा क्लब को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। हरबंशवाला को तीसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में नेहरूग्राम ने पवेलियन ट्रेनीज को हराकर खिताब अपने नाम किया। बालक अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में सहसपुर ने डोईवाला को टाईब्रेकर में 6-4 से हराया सहसपुर के लिए अनिकेत ने दो व आयुष ने एक गोल किया, जबकि डोईवाला के लिए आदित्य, दीपांशु व अखिल ने गोल किए। टाईब्रेकर में सहसपुर ने 3-1 से बाजी मारी। दूसरे सेमीफाइनल में रायपुर ने विकासनगर को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। उधर, बहुद्देश्यीय क्रीड़ा हॉल परेड ग्राउंड बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल खेले गए। बालिका अंडर-14 एकल वर्ग में रायपुर की सान्वी सोलंकी, युगल वर्ग में डोईवाला की कनिष्का व वंशिका ने खिताब जीता। बालक एकल वर्ग में रायपुर के आर्यन प्रताप सिंह, युगल वर्ग में कालसी के स्वर्णिम सिंह राणा व आदित्य सिंह नेगी की जोड़ी और मिश्रित युगल वर्ग में कालसी की पीहू नेगी व शौर्य सिंह राणा की जोड़ी विजेता बनी। बालक अंडर-17 एकल वर्ग में रायपुर के शौर्य अग्रवाल, युगल वर्ग में सहसपुर के अनमोल सिंह व नमन रावत और मिश्रित युगल वर्ग में सहसपुर के योगेश बिष्ट व अक्षरा रावत की जोड़ी ने बाजी मारी। बालिका एकल वर्ग में सहसपुर की अनुश्री व युगल वर्ग में सहसपुर की प्रगति पंवार व जिया तेवतिया की जोड़ी विजेता रही। बालक अंडर-21 एकल वर्ग में विकासनगर के आर्यन तोमर, युगल वर्ग में सहसपुर के हरेंद्र सिंह व शुभम लोबियाल और मिश्रित युगल वर्ग में सहसपुर के सुजल कांबोज व मानसी बिष्ट की जोड़ी ने खिताब जीता। बालिका एकल वर्ग में रायपुर की साक्षी राणा और युगल वर्ग में अदिति चौधरी व एंजेल चौधरी की जोड़ी विजेता बनी। अंडर-21 बालिका जूडो प्रतियोगिता के अंडर-48 किग्रा वर्ग में नीलम, अंडर-52 किग्रा में हिमानी गुसाईं, अंडर-57 किग्रा में कंचन मेहरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालक अंड-61 किग्रा वर्ग में अमित सिंह धनिक, अंडर-90 किग्रा में शिवाजी तिवारी, अंडर-100 किग्रा में दीपक चमोली, अंडर-60 किग्रा अनिमेष चौहान, अंडर-66 किग्रा में कृष्णा चौधरी, अंडर-73 किग्रा में विवेक ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका अंडर-17 के अंडर-44 किग्रा वर्ग में रिंकी नेगी, अंडर-48 किग्रा में दीपिका गुप्ता, अंडर-52 किग्रा में दीप्ति ने बाजी मारी।

## सीएम आवास कूच के दौरान धरने पर बैठे पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़

देहरादून। विपक्ष के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सीएम आवास पर धरना देने जा रहे कांग्रेस के पूर्व कैबिनेट मंत्री व किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़बेहड़ को पुलिस ने जबरन रोक लिया।

कैंट रोड पर हाथीबड़कला मैं बैरिकेडिंग लगाकर रोके जाने से नाराज बेहड़ वही सड़क पर धरना देकर बैठ गए। एक घंटे बाद कांग्रेस नेताओं ने मौके पर आए नायब तहसीलदार जसपाल राणा को ज्ञापन सौप कर धरना खत्म किया। बेहड़ के सीएम आवास



धरने की सूचना मिलने पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता रोक दिया। पुलिस के रोकने पर बेहड़ का गुस्सा भड़क गए। थोड़ी नोकझोंक के बाद बेहड़ महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, मानवेंद्र सिंह आदि के साथ वहीं धरना देकर बैठ गए। सूचना मिलने पर तत्काल प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी हाथीबड़कला पहुंच गए। कांग्रेस नेताओ ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष का उत्पीड़न कर रही है। बेहड़ ने कहा कि किच्छा में हाल में कई अपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस सरकार और भाजपा नेताओं के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और निदोष लोगों का उत्पीड़न कर रहीं है। सीएम को भी इसकी जानकारी दी गई,लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## किराएदारों का सत्यापन नहीं कराना पड़ा भारी

ऋषिकेश।कोतवाली पुलिस ने गुज्जर प्लॉट गुमानीवाला में बाहरी लोगों के सत्यापन के लिए अभियान चलाया। घरों में दस्तक देकर किरायेदारों की कुंडली खंगाली। किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर 15 भवन स्वामियों पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। औचक कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थित रही। सोमवार को गुज्जर प्लॉट गुमानीवाला में सत्यापन अभियान के लिए वरिष्ठ उपनिरीक्षक, तीन उपनिरीक्षक, 15 कांस्टेबल, चार महिला कांस्टेबल की टीम गठित की गई।

## देहरादून से कालसी तक हो बसों का संचालन

विकासनगर। देहरादून से डाकपत्थर तक आने वाली बसों का संचालन कालसी तक किए जाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। सोमवार को इस आशय का ज्ञापन परिवहन मंत्री को प्रेषित करते हुए बताया कि देहरादून से डाकपत्थर तक आने वाली बसों का परमिट कालसी तक स्वीकृत है, लेकिन बसें डाकपत्थर में ही सभी सवारियों को उतार देती हैं। इससे कालसी आने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि कालसी और आसपास के गांवों के कई लोग देहरादून में रोजगार करते हैं। इसके साथ ही हर रोज सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी देहरादून के शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ले रहे हैं।

सभी लोग हर दिन कालसी से देहरादून तक का सफर करते हैं। ऐसे में देहरादून से वापसी के दौरान कभी देरी होने पर उन्हें विकासनगर से कालसी के लिए कोई साधन नहीं मिलता है।

## स्व.सरोजनी देवी को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** स्व.सरोजनी देवी लोक विकास समिति की ओर स्व.सरोजनी देवी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

सोमवार को समिति के कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यों ने स्व.सरोजनी देवी को याद करते हुए समाज के लिए दिए गए उनके योजना को याद किया। मुख्य वक्त सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि राज्य गठन के बाद भी पर्वतीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पहाड़ों में सामुदायिक खेती पर बल दिया जाना चाहिए। हमें पहाड़ की संस्कृति व सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा। इस मौके पर नारायण दत्त त्रिपाठी, पूरण सिंह रावत, शिव प्रसाद कुकरेती, प्रवेश नवानी, कैलाश अग्रवाल, अन्नपूर्णा जोशी, कुंवर सिंह, अनीता नेगी, विलोचना बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# हवा बने सरकार के निर्देश, शहर में खूब हो रहा पॉलीथिन का उपयोग

**◆केंद्र सरकार के निर्देश के बाद भी पालीथिन को नहीं रोक पा रहा नगर निगम**
**◆शहर के प्रतिष्ठानों के साथ ही रेहड़ी-ठेललियों में खुलेआम हो रहा पॉलीथिन का उपयोग**

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** भले ही केंद्र सरकार ने एक जुलाई से पूरे भारतवर्ष में पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगा दी हो। लेकिन, नगर निगम अब भी कोटद्वार शहर को पॉलीथिन मुक्त नहीं बना पा रहा है। हालत यह है कि शहर के प्रतिष्ठानों के साथ ही रेहड़ी-ठेलियों में खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। बावजूद शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के दावे करने वाला नगर निगम गहरी नींद में सोया हुआ है।

पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक जुलाइ से पूरे भारत वर्ष में सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाया था। इसके लिए बकायदा राज्य सरकारों को आदेश भी जारी किए गए। नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए प्रदेश सरकार ने नगर निगम, नगर पंचायत व अन्य विभागों को आदेश जारी किए। लेकिन, कोटद्वार नगर निगम ने सरकार के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया।

कुछ दिन खानापूर्ति कर अभियान चलाने के बाद नगर निगम शासन के आदेशों को दरकिनार करने लगा है। नतीजा, कोटद्वार शहर में अब भी धड़ल्ले से पालीथिन का उपयोग हो रहा है। बाजार में ग्राहक पॉलीथिन में सामान ले जाते हुए भी आसानी से देखे जा सकते हैं।



कोटद्वार के पटेल मार्ग में पालीथिन का उपयोग करते सब्जी विक्रेता

### पशुओं की जान पर भारी पॉलीथिन

पर्यावरण के साथ ही पॉलीथिन मवेशियों के जीवन पर भी भारी पड़ रही है। दरअसल, कई लोग पॉलीथिन के अंदर खाना भरके उसे सड़क पर फेंक देते हैं। ऐसे में आवारा पशु खाने के चक्कर में पॉलीथिन को भी निगल लेते हैं। पालीथीन उसकी सांस नली में फंस जाती है। जिससे वह सांस नहीं ले पाते और उनकी मौत हो जाती है। शहर में हर रोज सैकड़ों मवेशियों की इसी तरह मौत हो रही है।

### पर्यावरण में जहर घोल रही पॉलीथिन

आधुनिक युग में सुविधाओं के विस्तार ने सबसे अधिक पर्यावरण को ही चोट पहुंचायी है। लोगों की सुविधा के लिए ईजाद किया गया पॉलिथीन आज मानव जाति के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बन गया है। नष्ट न होने के कारण यह भूमि की उर्वरा क्षमता को खत्म कर रहा है और भूजल स्तर को घटा रहा है। पॉलिथीन का कचरा जलाने से कार्बन डाईऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड एवं डाईऑक्सींस जैसी विषैली गैस उत्सर्जित होती हैं। इनसे सांस, त्वचा आदि की बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है।

## आर्यन और देवांश के गोल्ड मेडल जीतने पर जताई खुशी

श्रीनगर गढ़वाल : किर्गिस्तान में आयोजित पावर लिफ्टिंग एशियन चैंपियनशिप में श्रीनगर के आर्यन कंडारी के दो गोल्ड मेडल और ट्रॉफी और देवांश नौटियाल के एक गोल्ड मेडल जीतने पर श्रीनगर के लोगों ने खुशी जताई है। लोगों ने कहा कि उनकी जीत से भारत के साथ-साथ उत्तराखंड व श्रीनगर का नाम भी रोशन हुआ है।आर्यन ने एशियन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए डेड लिफ्ट में एक गोल्ड और पावर लिफ्टिंग में ओवरऑल एक गोल्ड और बेस्ट लिफ्टर का खिताब भी अपने नाम किया। जबकि देवांश नौटियाल ने पावर लिफ्टिंग में एक गोल्ड जीता। आर्यन और देवांश की जीत पर शहर के लोगों में खुशी का माहौल है। सभी लोगों में उनकी इस उपलब्धि के लिए उनको बधाइयां और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। खुशी जताने वालों में वासुदेव कंडारी, जितेंद्र धिरवाण, गणेश भट्ट, जयबल्लभ पंत आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## जंगली जानवरों के आतंक से निजात की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे जंगली जानवरों के आतंक पर ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने रोष व्यक्त किया है। मंच ने सरकार से मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। इस दौरान मंच ने नैनीताल हाईकोर्ट को कालागढ़ में स्थापित करने की भी मांग उठाई।

सोमवार को विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन गुलदार व अन्य जंगली जानवर ग्रामीणों को अपना निवाला बना रहे हैं। ऐसे में सरकार को मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। बैठक में जंगली जानवरों के हमले में जान गंवाने वाले ग्रामीणों के स्वजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी मांग की गई। कहा कि ग्रामीण गांव में रहकर पलायन को रोकने का कार्य कर रहे हैं। बैठक में कोटद्वार शहर की सफाई व्यवस्था व शौचालयों की स्थिति को सुधारने की मांग की गई। कहा कि बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण आमजन को संक्रमक बीमारियों का खतरा बना रहता है। वहीं, सदस्यों ने बेस अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सक नहीं होने पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि कोटद्वार का बेस चिकित्सालय केवल सफेद हाथी बनकर रह गया है। सदस्यों ने शहर में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं के आतंक पर भी चर्चा की। कहा कि सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के संरक्षण को लेकर नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। इस मौके पर किसान नेता पातीराम ध्यानी, प्रकाश कोठारी, शिव प्रकाश कुकरेती, वीके थपलियाल, शंकर दत्त गौड़, राकेश लखेड़ा, राकेश मोहन, रमेश घिल्डियाल आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को चलाएंगे अभियान

### एनएमओपीएस की जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिया निर्णय

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया है। कहा कि इस संबंध में कई बार केंद्र व प्रदेश सरकार को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, हर बार कर्मचारी व अधिकारियों की अनदेखी की जा रही है।

राजकीय आदर्श इण्टर कॉलेज कोटद्वार में पुरानी पेंशन बहाली हेतु जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुजीत रावत ने की। मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रगतिशील संयुक्त कर्मचारी कल्याण संघ पौड़ी के जिलाध्यक्ष डॉ अम्बिका प्रसाद ध्यानी ने विविध विभागों में कार्यरत कर्मचारियों , अधिकारियों के सुरक्षित भविष्य के मध्येनजर संगठित होकर पुरानी पेंशन बहाली हेतु अभियान चलाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों के हित को देखते हुए जल्द पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए। एनएमओपीएस अध्यक्ष सुजीत रावत ने कहा कि आगामी दिसंबर व जनवरी माह में अधिवेशन के सम्बन्ध में चर्चा की जाएगी। उत्तराखंड सरकार से पंजाब तथा अन्य राज्यों की तर्ज पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु ठोस कार्रवाई की अपील की गई। बैठक का संचालन करते हुए जनपदीय सचिव अनूप जदली द्वारा आगामी कार्यक्रम की घोषणा व अन्य कार्रवाई पर विचार व्यक्त किए। बैठक में मंजुल द्विवेदी, सुबोध ध्यानी, राकेश कुमार, विक्रम सिंह, राजू रावत, अनुराग बिष्ट, बृजमोहन आदि मौजूद रहे।



पुरानी पेंशन बहाली की मांग करती सदस्य।

## पांच सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई न होने पर छात्र करेगें आंदोलन

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय बिड़ला परिसर के छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण को समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कहा मांगों पर कार्रवाई न होने पर छात्रों को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। छात्रों का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता चैतन्य कुकरेती ने पुस्तकालयों की व्यवस्था में सुधार किए जाने, अगले शिक्षा सत्र में पुस्तकालयों में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध करवाए जाने, विश्वविद्यालय के प्रॉस्पेक्टस में भी सभी स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं का नाम और फोटों को स्थान दिया जाने, छात्रावासों की मरम्मत और अध्ययनरत निर्धन छात्र छात्राओं को छात्रवृद्धि उपलब्ध करवाए जाने व चौरास परिसर के छात्रों की सुविधा के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि उक्त सभी मांगों पर विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। कहा जल्द ही छात्रों की समस्याओं का निदान होगा और उन्हें उक्त सभी सुविधाएं मिलेंगी। ज्ञापन देने वालों में गौरव राणा, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, यश कुकरेती, मयंक बहुगुणा, राहुल चौधरी, रोहन आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# बाईपास मार्ग निर्माण कार्यो का विरोध करेंगे सनेहवासी

### राष्ट्रीय राजमार्ग विरोध संघर्ष समिति ने लिया निर्णय

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** राष्ट्रीय राजमार्ग विरोध संघर्ष समिति ने सनेह पट्टी में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यो का विरोध करने का निर्णय लिया है। कहा कि गांव को उजाड़कर किसी भी हाल में राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं बनने दिया जाएगा।

बैठक में पूर्व में बाईपास विरोध को लेकर समिति द्वारा किए गए कार्य को सार्वजनिक किया गया और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि कुछ दिन पूर्व सनेहवासी अपनी समस्या से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत करवाना चाहते थे। लेकिन, विधानसभा अध्यक्ष ने उनसे बात तक नहीं की। विधानसभा के इस व्यवहार से सनेहवासियों में रोष बना हुआ है। कहा कि बाईपास बनने से क्षेत्र के कई ग्रामीण आवास और जमीन से वंचित हो रहे हैं। लेकिन प्रशासन उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। तय किया गया कि भविष्य में बाईपास संबंधी जो भी कार्य प्रशासन की ओर से किए जाएंगे, उसका ग्रामीण विरोध करेंगे। बैठक में संजय तिवारी, महिंद्रपाल सिंह रावत, आशीष रावत, अनिल रावत, गुड्डू बिष्ट, धीरज सिंह, सुधीर बलूनी, रजनी देवी, कुसुम देवी, नयन सिंह, जीत सिंह और शकुंतला देवी सहित बाईपास प्रभावित सभी ग्रामीण मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते समिति के सदस्य

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर की चर्चा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की ओर से पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

सोमवार को पूर्व सैनिक लीग की वार्षिक आम बैठक गौरव सैनानी भवन सिद्धबली मार्ग में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर्नल (सेनि.)बुद्धि बल्लभ ध्यानी ने की। इस दौरान लोगों से सुझाव व सवाल अमंत्रित किए गए। समस्याओं का निराकरण भी सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा दिया गया। सैनिक कल्याण अधिकारी ने कोटद्वार में माह में एक बार कैंप लगाने का आश्वासन दिया। सभी गौरव सेनानियों को अपनी समस्याओं से अवगत करने के लिए बताया। कर्नल (सेनि.)सूर्य प्रकाश भट्ट व ईसीएचएस अधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही मां कामाख्या अस्पताल में भी ईसीएचएस के पैनल में शामिल करने की स्वीकृति मिल जाएगी। आंख के अस्पताल को भी शीघ्र ही पैनल में शामिल कर दिया जाएगा। बैठक में कैंटीन में जनरल स्टोर की कमी पर भी चिंता जताई गई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को इस विषय में उच्च अधिकारियों से बात करने का निवेदन किया गया। इस मौके पर भास्कर प्रकाश सिंह रावत, रघुवीर सिंह बिष्ट, सुनील रावत, ख्यात सिंह, भजन सिंह, कुमुद सिंह नेगी, नंद घिल्डियाल, सतीश ध्यानी, सोहन लाल भारद्वाज, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 10 लोगों के काटे चालान, वाहन सीज

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती शुरू कर दी गई है। पुलिस ने चेकिंग अभियान में जिले भर से शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए दस लोगों का चालान काटा और उनके वाहन सीज कर दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को शराब पीकर वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 वाहन चालकों का चालान करते हुए वाहनों को सीज भी किया गया। एसएसपी ने बताया कि चेकिंग अभियान चलाते हुए कोटद्वार में 6, सतपुली में 2, श्रीनगर में 1 और रिखणाखाल में 1 वाहन को मौके पर सीज कर उनके विरुद्ध एमवी ऐक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 103 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 47 हजार जुर्माना भी वसूला गया। पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# राइंकॉ सेंधीखाल की बाल वैज्ञानिक टीम करेगी उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** राज्य स्तरीय डा. एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण महोत्सव 2022 के अंतर्गत विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में जयहरीखाल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वैज्ञानिक खुशबू, साक्षी, लोकेश, देव बुड़ाकोटी, शौर्य नेगी, दीपक रावत व मोनिका के हल्द्वानी से लौटने पर विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। विज्ञान ड्रामा की टीम मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित होने वाले उत्तर भारत विज्ञान नाटक प्रतियोगिता 2022 में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेगी।

23 से 26 नवंबर तक खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य के 13 जिलों के बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में अरमान राइंकॉ कुलानीखाल ने प्रथम, रजत कोहली इंटर कॉलेज ढामकेश्वर, दीक्षान्त राजकीय इंटर कॉलेज बडखोलू ने द्वितीय, अमनदीप राइंकॉ कण्वघाटी, सृष्टि नैथानी अटल उत्कृष्ट राइंकॉ चेलूसैंण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा में खुशबू, साक्षी, लोकेश, देव बुड़ाकोटी, शौर्य नेगी, दीपक रावत, मोनिका राइंकॉ सेंधीखाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य साधो सिंह बिष्ट ने कहा कि छात्रों के इस प्रदर्शन से अन्य छात्रों को भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर समस्त विद्यालय परिवार और क्षेत्रीय लोगों ने बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी।



### प्रमोद चौहान बने अध्यक्ष

कोटद्वारः विकासखंड दुगड्डा के अंतर्गत डाडामंडी गेंद मेला समिति की सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति का गठन कर लिया गया है। जिसमें प्रमोद चौहान को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा राकेश देवरानी को उपाध्यक्ष, जगदीश रावत को सचिव, सुरेश रावत को कोषाध्यक्ष और जितेंद्र चौधरी को सह सचिव चुना गया। राजेंद्र सिंह, उदय सिंह, शुभम रावत, नरेंद्र बिष्ट, धीरज सिंह रावत, विपिन रोबिंसन, अंकित रावत और जयपाल रावत को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

### लाइफ साइंस में स्किल डेवलपमेंट की संभावनाओं पर चर्चा की

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के जंतु विज्ञान विभाग में डीएनए लैब्स देहरादून के सहयोग से साइंस पोपुलाइजेशन प्रोग्राम के तहत व्याख्यान आयोजित किए गए। उदघाटन सत्र में विभागाध्यक्ष प्रो. प्रकाश नौटियाल ने डीएनए लैब्स के वैज्ञानिकों डा. नरोत्तम एवं डा. अंकिता सिंह का स्वागत किया।

इस मौके पर डा. नरोत्तम द्वारा छात्रों में लाइफ साइंसेज के क्षेत्र में स्किल डेवलपमेंट की संभावनाओं पर चर्चा की गई। डा. अंकिता सिंह ने मोलीक्यूलर डाइग्नोस्टिक के क्षेत्र में हो रही प्रगति के बारे में बताया। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें आकाश वर्मा, नीरज डंगवाल, सुधाकर मैती, सुरिधिम एवं अक्षिता रावत को विशिष्ट प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. ओपी गुसांई ने डीएनए लैब्स के वैज्ञानिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जंतु विज्ञान विभाग हैंडस ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन भी करेगा। कार्यक्रम में विभाग के डा. दीपक सिंह, डा. आरएस फत्र्याल, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डा. विनीत मौर्य, डा. आरके सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन में शोध छात्र राकेश कुमार एवं सोनिका रयाल ने सहयोग दिया। (एजेंसी)

# सुझाव को ग्राम सभा विकास योजना में सम्मिलित करें

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी के कोट ब्लॉक की न्याय पंचायत जामनाखाल के मिलन केंद्र में पंचायत राज निदेशालय उत्तराखंड के तत्वाधान में प्रयास स्वयं सेवी संस्था डाकपत्थर के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों हेतु सतत विकास लक्ष्यों का स्थायीकरण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया कार्यशाला का शुभारंभ वीरेंद्र सिंह प्रधान जामना खाल एवं आशा देवी प्रधान संडा ने संयुक्त कर कमलों रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सचिन कुमार ने स्वच्छ पेयजल पर चर्चा करते हुए लोगों को बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण पानी किस प्रकार आपके घरों तक पहुंचाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर बालिकाओं को उन्नत किया जा सकता है। ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह ने लोगों से अपील की कि वे इस कार्यशाला में दिए गए सुझावों को ग्राम सभा विकास योजना में सम्मिलित करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह पंवार ने पंचायत राज अधिनियम के 73 संशोधन अधिनियम एवं पंचायत राज व्यवस्था के ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम राज्य विजन दस्तावेज 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित किए गए 17 लक्ष्यों को 9 थीम के बारे में बताया। उन्होंने प्रथम थीम गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका युक्त गांव की परिकल्पना को साकार करते हुए गांव में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अनुरोध किया कि ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, वार्ड मेंबर एवं प्रधान इन विभागों से संपर्क कर प्रशिक्षण कार्यशाला से ली गई जानकारी को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करते हुए योजना बनाएं। इस अवसर पर सोनू कुमार ने स्वस्थ गांव की परिकल्पना को साकार करने के लिए दिए गए प्रावधानों को क्रियान्वित की गई योजनाओं की जानकारी देते हुए और उन को लागू करने के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारियों के बारे में सविस्तार बताया। कार्यशाला में ग्राम प्रधान संडा श्रीमती आशा देवी, ग्राम प्रधान कुंजी रजनी देवी, ग्राम प्रधान बाल मना रीना देवी, ग्राम प्रधान कंडोला बबली देवी, ग्राम प्रधान गारो लगाओ श्रीमती रामेश्वरी देवी, ग्राम प्रधान कांडा संदीप सिंह, श्रीमती महेश्वरी, रीना देवी, विमला देवी, बृजमोहन, तिरुपति, राजेंद्र प्रसाद, सीखा, पूनम देवी आदि मौजूद थे।



# अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए धरना, प्रदर्शन शुरू

**श्रीनगर गढ़वाल।** अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले के दो माह गुजर जाने के बावजूद अंकिता के परिजनों को न्याय न मिलने पर श्रीनगर में विभिन्न संगठनों और जागरूक नागरिकों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कहा इस मामले में सरकार व प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में है। इतने समय बाद भी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की गई। उन्होंने ठोस कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

सोमवार को नगर पालिका तिराहे पर धरने में बैठे ऑल इंडिया डीएसओ और ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले को दबाने की पूरी कोशिश की जा रही है। जिसे किसी भी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि अंकिता के लिए जो भी लड़ाई होगी संगठन लड़ने के लिए तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अभी तक वीआईपी का नाम तक उजागर नहीं कर पाई है। साथ ही सबूतों को मिटाने के लिए पहले ही रिजॉर्ट को तोड़ा गया और फिर फैक्ट्री में आगजनी कर मामले को रफादफा करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि अंकिता की मां और पिता को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। यदि जल्द से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे।

इस दौरान डीएसओ और ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ने हाईकोर्ट नैनीताल के मुख्य न्यायाधीश के नाम अंकिता भंडारी के न्याय के लिए पोस्टकार्ड लिखे। उन्होने कहा कि इन पोस्टकार्ड को जल्द ही न्यायाधीश को भेजा जायेगा। धरने में पहले दिन समाजसेवी अनिल स्वामी, पूजा भंडारी, विजेता सेमवाल, रचना भट्ट, विनीता खण्डूडी, राजदीप बर्त्वाल, मंगला देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# विज्ञान प्रदर्शनी में राईका पटलगांव के शुभम ने मारी बाजी



अल्मोड़ा : राजकीय इंटर कॉलेज पटलगांव के कक्षा 10 के छात्र शुभम सिंह ठाकुर ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड के तत्वाधान में 23 से 26 नवंबर तक खालसा बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में हुई राज्यस्तरीय एपीजे अब्दुल कलाम गणित और पर्यावरण महोत्सव में विज्ञान प्रदर्शनी सीनियर वर्ग के स्वास्थ्य तथा स्वच्छता विषय में मॉडल स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम मैं प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र की इस सफलता पर मार्गदर्शक शिक्षक गिरीश पांडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी सत्य नारायण, खंड शिक्षा अधिकारी रवि मेहता, जिला विज्ञान समन्वयक विनोद कुमार राठौर , विद्यालय के प्रधानाचार्य एम0पी0एस0 चिलवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष बलवंत नेगी, विद्यालय के शिक्षक पंकज किशोर जोशी, प्रमोद साह, सूर्य प्रकाश सहित ब्लॉक चौखुटिया के समस्त प्रधानाचार्यों , शिक्षकों अभिभावकों ने खुशी व्यक्त कर छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की।

## एसएसबी ने बांटी सोलर लाइट

पिथौरागढ़ : सिविल एक्शन कार्यक्रम के तहत एसएसबी 11वीं वाहिनी ने व्यास वैली में ग्रामीणों को सोलर लाइट बांटी। सोमवार को एसएसबी की सी कंपनी नप्लचु गांव पहुंची।

इस दौरान उन्होंने बिजली सेवा से महरूम ग्रामीणों को सोलर लाइट का वितरण किया। निरीक्षक दलराज मिना ने कहा कि सालों से ग्रामीण एसएसबी का सहयोग कर देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध गतिविधि होने पर एसएसबी को सूचना देने को कहा है। ग्रामीणों ने सोलर लाइट के लिए एसएसबी का आभार जताया है। (एजेंसी)



## 34 पेटी आतिशबाजी नष्ट की

बागेश्वर : पुलिस द्वारा पकड़ी गई आतिशबाजी को देहरादून से आई पीईएसओ की टीम ने नष्ट किया। यह कार्रवाई एक खुले स्थान पर पहले गड्ढा बनाया। बाद में उसमें डीजल और पेट्रोल छिड़कर कर आग के हवाले किया। कपकोट पुलिस ने बताया कि जगदीश सिंह के पास से 34 गत्ते की पेटियों में आतिशबाजी पकड़ी गई थी। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 5/9 ख विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने अवैध रूप से रखी गई बिस्फोटक सामग्री भी बरामद की। सोमवार को पेट्रोलियम एंड एक्सपलोसिव सेफ्टी आर्गनाइजेशन (पीईएसओ) देहरादून की टीम कपकोट थाने पहुंची। उनकी देखदेख में आतिशबाजी को नष्ट किया गया। (एजेंसी)

# लोगों से स्वच्छता का ध्यान रखने की अपील की

चम्पावत : गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी कटारमल अल्मोड़ा और उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की टीम चम्पावत के दुर्गम क्षेत्र खिरद्वारी पहुंची।

जहां स्कूली बच्चों के अलावा वनराजी जनजाति के ग्रामीणों को पानी की महत्ता पर जागरूक किया गया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक व जैव विविधता संरक्षण एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. आईडी भट्ट के निर्देशानुसार वैज्ञानिक डॉ. आशीष पांडेय ने गांव के लोगों को स्वच्छता व पेयजल की महत्ता की जानकारी दी। जिसमें लगभग 30 ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अधिकांश लोग वनराजी जनजाति के थे। साथ ही विद्यालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. पांडेय ने स्वच्छ पेयजल की पहचान और महत्व के साथ ही स्वास्थ्य पर होने वाले विभिन्न दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि कैसे पेयजल की पहचान करनी है। स्वास्थ पर होने वाले बुरे प्रभावों से कैसे बचाव किया जा सकता है।

स्कूल के शिक्षक धनेश ध्यानी ने लोगों से स्वच्छता का ध्यान रखने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह परिहार ने किया। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यशाला के आधार पर चम्पावत क्षेत्र में पेयजल के मुद्दो और चुनौतियों पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यहां ग्राम प्रधान सचिन और बसंत सिंह रहे। (एजेंसी)

## 15 वादों का निस्तारण हुआ

अल्मोड़ा : बीते शनिवार को जनपद अल्मोड़ा में लोक अदालत आयोजित की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि लोक अदालत में 15 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 50 हजार 400 रुपये वसूला गया। जबकि 72 हजार रुपया सुलह समझौता के आधार पर दिलाया गया। (एजेंसी)

## भवन खस्ताहाल, कभी भी हो सकता है हादसा

बागेश्वर : तहसील मुख्यालय स्थित बाल विकास का भवन बदहाल हो गया है। लिंटर की सरिया दिखने लगी हैं। यहां कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। लोगों ने विभाग की इस लापरवाही पर नारजगी जताई है।

जल्द छत ठीक करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर क्षेत्र के लोगों के सहयोग से आंदोलन किया जाएगा। बाल विकास अधिकारी रेवती खेतवाल द्वारा बताया कि भवन के मरम्मत का प्रस्ताव भेजा है। बजट आवंटन होते ही छत की मरम्मत कर ली जाएगी। (एजेंसी)

# रैली निकालकर किया जेल निर्माण का विरोध



चम्पावत : छमनियां लोहाघाट में प्रशासन की ओर से जिला जेल निर्माण की कवायद का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। सुंई क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध में रैली निकाली। उन्होंने क्षेत्र में जेल नहीं विकास दो के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन भी किया।

सुंई गांव में खैंसकांडे के ग्राम प्रधान भुवन चौबे के नेतृत्व में पांच गांव सुंई के लोगों ने एकत्र होकर जिला जेल बनाने की कवायद पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रैली निकाली। उन्होंने जेल नहीं विकास दो, राजकीय पॉलीटेक्निक को इंजीनियरिंग कॉलेज का दर्जा दो, कृषि विज्ञान केंद्र को कृषि महाविद्यालय का दर्जा दो, साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने को पैराग्लाइडिंग आदि का प्रशिक्षण देने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई।

ग्रामीणों ने कहा कि चम्पावत जिले की जेल जिला मुख्यालय में बननी चाहिए। लोहाघाट के आसपास या छमनिया में जेल बनाया जाना अभिशाप हो सकता है। उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने जेल बनाने के लिए कोई अगला कदम उठाया तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। (एजेंसी)

# पानी के लिए ग्रामीणों ने निकाला जुलूस

चम्पावत : पाटी ब्लॉक के गागर गांव के ग्रामीण पानी के लिए सड़क पर उतरे। उन्होंने चार गांवों की पेयजल लाइन से अन्य गांवों को पानी देने पर जुलूस निकाला। ग्रामीणों ने जल संस्थान और पेयजल निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को पाटी ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र गागर के ग्रामीणों ने गर्ग ऋषि मार्ग से जुलूस निकाला। सैंकड़ों ग्रामीण गंगनाथ मंदिर से अस्पताल गेट पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि गागर, किमाड़, रीठाखाल और बोराचापड़ के लिए केदारनाथ गधेरे से पेयजल लाइन का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां पहले से पेयजल की समस्या बनी हुई है। अब जल संस्थान और पेयजल निगम मिलीभगत कर एक अन्य गांव गंवाई के लिए भी इसी लाइन से पेयजल आपूर्ति करने की तैयारी कर रहे हैं। कहा कि दूसरे गांव को पानी आपूर्ति करने से इन गांवों की समस्या और बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि गागर में सबसे अधिक कनेक्शन होने के बाद अलग लाइन नहीं बनाई गई है। उन्होंने गागर गांव के लिए अलग लाइन बनाने की मांग की। मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालों में गागर की प्रधान तुलसी देवी, पूर्व प्रधान प्रेम राम, गिरीश भट्ट, परमानंद उपाध्याय, लीलाधर भट्ट, दीवान राम, प्रकाश भट्ट, नरोत्तम भट्ट, केशव दत्त, लछ्म दत्त, जगदीश राम, पिताम्बर जोशी, हीरा बल्लभ, नवीन भट्ट, बसंती, हेमा, दीपा, भागीरथी, दुर्गा, नीलावती, रेवती, माधवी, तुलसी देवी, जीवन कुमार, दीपक, पंकज, जीवन भट्ट, योगेश समेत सैंकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। (एजेंसी)

## डेंगू से बचाव के बारे में बताया

चम्पावत : लोहाघाट में होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग ने शिविर लगाकर लोगों को डेंगू रोग से बचाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विभाग की ओर से लोगों को निःशुल्क दवा बांटी गई। होम्योपैथिक निदेशक डॉ. जीवन लाल फिरमाल और जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक सिंह नगरकोटी के निर्देशानुसार होम्योपैथिक विभाग ने पीएनबी विभाग के पास शिविर लगाया।

होम्योपैथिक चिकित्सा प्रभारी डॉ. उर्मिला बिष्ट ने बताया कि शिविर में 187 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया। उन्होंने बताया कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए सुझाव और उपचार के लिए यूपाटोरियाम पर्फोलिएटम 30 का वितरण किया। शिविर में उपेंद्र नाथ गुप्ता, भुवन उपाध्याय आदि रहे। (एजेंसी)

## योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

चम्पावत : महिलाओं को आात्मनिर्भर बनाने के लिए महिला कलस्टर संगठन के सदस्यों ने समिति निर्माण कार्यक्रम चलाया। रविवार को जिले के निकटवर्ती खर्ककार्की गांव में एरिया कॉआर्डिनेटर कैलाश शर्मा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने व सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार से आजीविका के तौर तरीके बताए। यहां अध्यक्ष किरन पांडे, कोषाध्यक्ष पूजा पुजारी, सचिव शांति देवी रही। (एजेंसी)

# पेयजल किल्लत से जूझ रहे कठौल के 60 परिवार



चम्पावत : कठौल के दियूरी गांव के 60 से अधिक परिवारों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है।

मानसून सीजन में बरसात के कारण कई पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थी। ग्रामीणों ने विभाग से क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को बदलने की मांग की है। कठौल गांव की करीब एक हजार से अधिक की आबादी को बरसात के बाद पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कठौल निवासी ग्रामीण दिनेश बोहरा, दीपक बोहरा, अमर सिंह बोहरा, राहुल बोहरा, जीवन बोहरा, शम्भु बोहरा, दिनेश बोहरा, भगवान बोहरा, होशियार बोहरा, हीरा बोहरा, संजय बोहरा, सोबन बोहरा, राहुल बोहरा, प्रियांशु बोहरा, रोहन बोहरा आदि ने बताया कि पुरानी पाइप लाइनें जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की मरम्मत किए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

# विधायक पुंडीर ने दी शहीद गर्जेंद्र बिष्ट को श्रद्धांजलि



विकासनगर। विधायक सहदेव पुंडीर ने मुंबई आतंकी हमले में शहीद हुए गणेशपुर निवासी गजेंद्र सिंह बिष्ट को श्रद्धांजलि देकर नमन किया। शहीद के घर में बनी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही शहीद की पत्नी को शॉल भेंट किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि उत्तराखंड के जाबांजो ने आतंकवादियों को ढ़ेर करने में हमेशा अपने शौर्य का परिचय दिया है। सोमवार को गणेशपुर स्थित शहीद के आवास पर पहुंचे विधायक ने उनके परिजनों का हालचाल जाना। इसके साथ ही सरकार की ओर से मिल रही सहायता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों का सम्मान और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखना सरकार के साथ ही आम जनता की भी नैतिक जिम्मेदारी है। जिस व्यक्ति ने राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया हो वह राष्ट्र के लिए सर्वोपरि है। शहीद के परिजनों की सुख सुविधाओं का ध्यान रखना राष्ट्र धर्म है।

## मुआवजा देने की मांग उठाई

चम्पावत : भिंगराड़ा के ग्रामीणों ने मुआवजा देने की मांग की है। एक साल पूर्व आई बारिश से ग्रामीणों के मकान में दरार आ गई थी। ये परिवार दूसरे के मकान रह कर दिन बिता रहे हैं। भिंगराड़ा के ग्रामीण नित्यानंद भट्ट, मथुरा दत्त, लोकमनी भट्ट, घनश्याम भट्ट, विपिन भट्ट केशव दत्त, गुणानन्द भट्ट ने बताया कि बीते वर्ष अक्तूबर में आई बारिश से उनके मकान में दरार आ गई थी। इससे खतरा पैदा हो गया था। इसके बाद पीड़ित परिवार दूसरे के मकान में रह हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उस समय उन्हें मामूली सहायता राशि मिली थी। उन्होंने शासन प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। (एजेंसी)

# छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : केंद्रीय विद्यालय में वरिष्ठ अभिभावकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कोटियाल एवं वरिष्ठ शिक्षक अशोक ओझा ने दीप जलाकर कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सोमवार को न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम किया गया। जिसमें शिक्षक ओझा ने कार्यक्रम के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। स्वागत गीत से उन्होंने अतिथियों का सम्मान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कई अभिभावकों ने भी बच्चों के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें भागीरथी देवी मोहन लाबड़ एवं कई अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सभी अभिभावकों ने विद्यालय के शिक्षकों का आभार जताया। प्रभारी प्राचार्य संजय कोटियाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान नीरज बनकोटी, काजल सामंत, सुमन जोशी, शैली शर्मा एवं अन्य शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# वाहनों की फिटनेस लाल तप्पड़ में किया जाना व्यावहारिक नहीं: भाकियू



विकासनगर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पछुवादून इकाई की बैठक में व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच ढालीपुर स्थित एआरटीओ कार्यालय में ही किए जाने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पछुवादून इकाई की विकासनगर स्थित कार्यालय में बैठक हुई। साथ ही भाकियू नेताओं ने ट्रांसपोर्ट यूनियन को अपना समर्थन देने का निर्णय लिया। भाकियू के गढ़वाल मंडल संगठन मंत्री पविंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, मजदूर और किसानों का शोषण कर रही है। सरकार के हर फैसले मजदूरों और गरीबों के खिलाफ जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस लालतप्पड़ में किया जाना व्यावहारिक नहीं है। एक ही जगह पर वाहनों की फिटनेस होने से समय अधिक लगेगा। त्यूणी जैसे दुर्गम क्षेत्र के वाहनों को लालतप्पड़ तक पहुंचने में पूरा दिन लग जाएगा। इसके बाद कई दिनों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में वाहन चालकों आर्थिक नुकसान होगा। कहा कि ढालीपुर स्थित परिवहन कार्यालय पछुवादून और जौनसार बावर क्षेत्र के लिए सुगम पड़ता है।

## गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर किया सुखमनी साहेब का पाठ

विकासनगर। सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी महाराज के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा चौक बाजार चकराता में सुखमनी साहेब के पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद पंथ प्रचारकों द्वारा गुरु महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल किया गया। सोमवार सुबह आयोजित सुखमनी साहेब के पाठ के भोग के बाद ज्ञानी अरुण सिंह ने तेग बहादुर सिमरिये घर नौ निध आवे धाये सब थाई होए सहाय... इन पक्तियों का वर्णन करते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने करतारपुर साहिब की जंग में तलवार के बहुत जौहर दिखाए। इससे प्रसन्न होकर गुरु पिता गुरु हर गोविंद साहिब ने उनका नाम त्यागमल से बदल कर तेग बहादुर रख दिया। ग्रंथी भाई अरुण सिंह ने गुरुजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु तेगबहादुर जी की शिक्षा–दीक्षा गुरु–पिता गुरु हरगोविंद साहिब की छत्र छाया में हुई।

# अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता में ऋषिकेश के पांच बच्चों को स्वर्ण पदक



ऋषिकेश। रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को दो दिवसीय अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता हुई। इसमें ऋषिकेश के पांच बच्चों ने स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता आयोजक विश्वनाथ राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता में जम्मू कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, यूपी सहित अन्य राज्यों के कराटे खिलाड़ियों ने शिरकत की।

प्रतियोगिता में सर्वाधिक मेडल उत्तराखंड के बच्चों ने जीते हैं। ऋषिकेश के पांच बच्चों ने पदक जीता है। इसमें मॉम्स स्कूल रायवाला की शिफा ने स्वर्ण पदक, रेडफोर्ट स्कूल के आरव बिष्ट, सुमित, शान अतरी ने स्वर्ण पदक एवं अंकुर पब्लिक स्कूल के पार्थ अरोड़ा ने स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता में उत्तराखंड ने 46 पदक, हरियाणा ने 22, जम्मू कश्मीर ने 18, यूपी ने 15, चंडीगढ़ ने 12, राजस्थान ने 14 पदक जीते हैं।

# ओवर ऑल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 418 अंक के साथ एटीएस बनी चैंपियन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : 18 वीं प्रादेशिक अन्तारजनपदीय/वाहिनी राइफल/रिवाल्वर एवं पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता-2022 का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया है। उपमहानिरीक्षक एसएसबी श्रीनगर गढ़वाल सृष्टिराज गुप्ता ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। ओवर ऑल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर 418 अंक के साथ एटीएस प्रथम, आईआरबी 381 अंक के साथ द्वितीय, ओवर ऑल रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता एटीएस 430 अंक के साथ प्रथम, 31 पीएसी 354 अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही। बेस्ट फायरर हेड कांस्टेबल नारायण जोशी एटीएस 158 अंक को घोषित किया गया। एसएसपी पौड़ी श्रीमती श्वेता चौबे ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।



विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि उपमहानिरीक्षक एसएसबी श्रीनगर गढ़वाल सृष्टिराज गुप्ता।




ओवर ऑल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता की चैंपियन एटीएस टीम ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए।

प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड पुलिस की विभिन्न जनपदों/वाहिनियों से 17 टीमों के 155 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता में रिवाल्वर/पिस्टल शूटिंग के 4 इवेंट (15 गज, 25 गज, 30 गज व 50 गज) एवं राइफल शूटिंग में 4 इवेंट (100 गज, 200 गज, 300 गज व 300 गज स्नैप शूटिंग) आयोजित किये गये।

राइफल शूटिंग 100 गज शूटिंग प्रतियोगिता में निरीक्षक नीरज कुमार एटीएस 52 अंक, आरक्षी विनय कुमार आईआरबाी 43 अंक, आरक्षी नारायण गिरी 31 पीएसी 42 अंक, 200 गज प्रतियोगिता में हेड कांस्टेबल नारायण जोशी एटीएस 90 अंक , आरक्षी विक्रम रावत एटीएस 88 अंक, आरक्षी आर दीपक जोशी 31 पीएसी 84 अंक, 300 गज प्रतियोगिता में आरक्षी जितेन्द्र आईआरबी द्वितीय 90 अंक, आरक्षी राजीव कुमार एटीएस 86 अंक, हेड कांस्टेबल योगेश सिंह एटीएस 82 अंक, 300 गज स्नैप राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में हेड कांस्टेबल सचिन चौहान एटीएस 9 अंक, मुख्य आरक्षी राजेन्द्र सिंह आईआरबी द्वितीय 06 अंक, हेड कांस्टेबल दिनेश जोशी 31 पीएसी 06 अंक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। पिस्टल/रिवाल्टर शूटिंग प्रतियोगिता 15 गज में आरक्षी राजीव कुमार एटीएस 56 अंक, आरक्षी नरेन्द्र रावत आईआरबी द्वितीय 52 अंक, हेड कांस्टेबल नारायण जोशी एटीएस 51 अंक, 25 गज प्रतियोगिता में प्रतिसार निरीक्षक विपेन्द्र सिंह जीआरपी 40 अंक, आरक्षी राजीव कुमार एटीएस 33 अंक, हेड कांस्टेबल नारायण जोशी एटीएस 33 अंक, 30 गज प्रतियोगिता में हेड कांस्टेबल नारायण जोशी एटीएस 39 अंक, गोपाल सिंह बिष्ट 31 पीएसी 37 अंक, एएस-ाआई अर्जुन सिंह 46 पीएस 26 अंक ने क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 50 गज प्रतियोगिता में आरक्षी राजीव कुमार एटीएस 42 अंक ने प्रथम, गोपाल सिंह बिष्ट 31 पीएसी 40 अंक ने द्वितीय, हेड कांस्टेबल नारायण जोशी एटीएस 35 अंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल में पुलिस उपाधीक्षक टिरी सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी, प्रतिसार निरीक्षक रुद्रप्रयाग गणेश लाल, दलनायक 31 पीएसी शुकुलाल कन्याल, दलनायक 31 पीएसी गोपाल सिंह बिष्ट, आरक्षी बद्री प्रसाद, हृदय भूषण, आनंद प्रकाश शामिल थे।

## 15 बोतल शराब के साथ एक गिरफ्तार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में नशे का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के दुरस्थ क्षेत्रों तक नशे की तस्करी आसानी से की जा रही है। हालांकि जिले की पुलिस नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन इसके बावजूद भी नशे का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। थलीसैंण पुलिस ने 15 बोतल अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नियमित चेकिंग अभियान के दौरान अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने शराब तस्कर पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जिले में अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशों के बाद पुलिस एक्शन मूड में है। थलीसैंण थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने नियमित चेकिंग अभियान के दौरान एक शराब तस्तर से 15 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की हैं। तस्कर की पहचान खीम लाल पुत्र बलिराम, निवासी ग्राम पीपल कोट के रूप में की गई।

बताया कि शराब तस्कर को दोघट तिराहा थलीसैंण से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। चेकिंग अभियान टीम में कांस्टेबल निरंजन कुमार और आदित्य कुमार आदि मौजूद रहे।

## हंस ने गोपीनाथ मंदिर को दी सामग्री

चमोली : माता मंगला और भोले जी महाराज की प्रेरणा से हंस कल्चरल सेंटर के ह्लसेवा भी सम्मान भीह्व कार्यक्रम के तहत चमोली जनपद में गोपेश्वर स्थित प्राचीन गोपीनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र के लिए थाली, गिलास, कटोरे, पतीले, बाल्टी, जग, कुर्सी और भजन कीर्तन के लिए हारमोनियम, वाद्य यंत्र सहित अन्य सामग्री भेंट की गई। हंस फाउंडेशन से जुड़े समाजसेवी लक्ष्मण सिंह ने बताया यह सामग्री मंदिर के भंडारी अमित सिंह रावत के सुपुर्द की गई। मंदिर को सामग्री मिलने पर मंदिर के पुजारियों ने माता मंगला और भोले जी महाराज का धन्यवाद करते हुए दीर्घायु होने की कामना की हैं। हंस कल्चरल सेंटर के सेवा भी सम्मान भी कार्यक्रम के तहत कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को गर्म कंबल भी वितरित किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

## पिगरी फार्मिंग से जुड़कर स्वरोजगार अपनाएं पहाड़ी युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार/सतपुली : यूरोपीय देशों की तर्ज पर एकेश्वर ब्लाक के मलेठी में पिगरी फार्मिंग शुरू हो गई है। देवभूमि सहकारी समिति के पहल पर फार्मिंग का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पिगरी फार्मिंग को स्वरोजगार के क्षेत्र में नया कार्यक्रम बताया गया।

मलेठी में आयोजित कार्यक्रम में पिगरी फार्म का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अपर निदेशक पशुपालन गढ़वाल मंडल डॉ. अशोक कुमार व देवभूमि सहकारी समिति के संस्थापक सुंदर सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर एडी पशुपालन डॉ. अशोक कुमार ने पिगरी फार्मिंग के बारे में कई तकनीकी जानकारियां दी। कहा कि इस प्रकार की फार्मिंग यूरोपीय देशों में बहुतायत में की जाती है। जो कि काफी मुनाफे का स्वरोजगार भी है। कहा कि भारत सरकार द्वारा पिगरी फार्मिंग को राष्ट्रीय पशुधन मिशन के द्वारा प्रमुखता से रखा गया है। सरकार की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रमों के लिए लिए पचास फीसदी अनुदान भी दिया जा रहा है।



उन्होंने लोगों से सरकार की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में फार्म के संस्थापक व सामाजिक कार्यकर्ता सुंदर सिंह चौहान ने फार्मिंग की स्थापना और उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योजना रंग लाई तो पहाड़ के बेरोजगार युवाओं को इस फार्मिंग के माध्यम से रोजगार मुहैया कराया जाएगा। साथ ही इच्छुक युवाओं को पिगरी फार्मिंग करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को फार्मिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस मौके पर सीवीओ डॉ. देवेंद्र बिष्ट, उप सचिव स्वास्थ्य निदेशालय देहरादून डॉ. मयंक बडोला, चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत, संरक्षक राजेंद्र सिंह रावत, अनु पंत आदि मौजूद रहे।

## केन्द्रीय सचिव ने किया पंचायत लर्निंग सेंटर का निरीक्षण

नई टिहरी : ग्राम पंचायतों में विकास कामों सहित तमाम सुविधाओं से युक्त पंचायतों को विकसित करने के मकसद से माडल के रूप में नरेंद्रनगर की ग्राम पंचायत कोडारना को पंचायत लर्निंग सेंटर बनाया जा रहा है।

इसके अलावा जनपद में रैतु की बेली को लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित किया जायेगा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय पंचायत लर्निंग सेंटर विकसित करने का जनपदों में शुरू किया है। नरेंद्रनगर की कोडराना ग्राम पंचायत में विकसित किये जा रहे पंचायत लर्निंग सेंटर का मुआयना करने सोमवार को केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की निदेशक मालती रावत और उत्तराखंड पंचायती राज विभाग के अपर सचिव ओंकार सिंह पहुंचे। कोडराना में पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, जिला पंचायत के एएमए संजय खण्डूरी सहित तमाम जिला पंचायत सदस्यों ने इनका स्वागत कर पंचायतों को सशक्त करने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण व जिला पंचायत सदस्य रघुवीर सजवाण ने बताया कि पंचायत लर्निंग सेंटर में माडल ग्राम की सभी सुविधाओं में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य, साफ-सफाई जैसी सुविधाओं दी जायेंगी, ताकि ग्राम पंचायत के विकास के लिए कोडराना को माडल के रूप में देखा जायेगा और प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों के ग्राम पंचायतों को इस तरह से गांवों का विकास करने की सीख देकर कामों करने के तरीकों को सिखाया जायेगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्यों में दयाल सिंह, बलवंत सिंह रावत, संयुक्त निदेशक पंचायती राज राजीव कुमार त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी संजय खण्डूरी, जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश शर्मा, बीडीसी सदस्य अनिल भट्ट, प्रधान सुनीता भट्ट, अभियंता सतीश त्रिपाठी सहित कोडराना के ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## नशे से दूरी खेल है जरूरी स्लोगन के साथ शुरू हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता

ऋषिकेश। ह्यनशे से दूरी खेल है जरूरी स्लोगन के साथ इंदिरानगर विस्थापित क्षेत्र में द्वितीय बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले दिन हुए मुकाबले में चंद्रशेखर बंगवाल और अंकित नौडियाल की जोड़ी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 16 अंक बटोरे। जबकि पुष्कर और अंकुर 10 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। बी पॉजिटिव क्लब की ओर से आयोजित द्वितीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घघाटन समाजसेवी डीपी रतूड़ी ने किया। पहला मैच चंद्रशेखर बंगवाल, अंकित नौडियाल और राजेश रावत, वी डंगवाल के बीच हुआ। रोमाचंक मुकाबले में चंद्रशेखर और अंकित की जोड़ी ने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को शिकस्त देकर 16 अंक का स्कोर बनाकर पहले स्थान हासिल किया। जबकि जेएस रावत और ए जोशी, ज्योति सजवाण और सीबी डिमरी, आर ढौंढियाल और पुष्कर खत्री की जोड़ी ने क्रमशः 10 और 8 अंक का स्कोर बटोरा।

## चमोली में बंपर आंवले का उत्पादन

चमोली : चमोली के जंगल और उद्यानों में इस बार आंवले का बम्पर उत्पादन हुआ है। पिछले वर्ष उत्पादित आंवलों की अपेक्षा इस बार 30 फीसदी अधिक आंवले के उत्पादन का अनुमान लगाया जा रहा है। मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने माना है कि इस बार आंवले जंगलों और उद्यानों में गत वर्ष की अपेक्षा अधिक उत्पादित हुआ हैं। हालांकि अभी सर्वेक्षण का कार्य जारी है। जिले में औसतन 70 मीट्रिक टन आंवला उत्पादित होता है। पहाड़ का छोटे आकार का आंवला स्वाद और औषधीय गुणों से युक्त होता है। वैद्य जगदीश प्रसाद उपाध्याय बताते हैं कि उत्तराखंड के जंगलों में स्वतः और स्वाभाविक रूप से उगे आंवले स्वाद के अलावा औषधीय दृष्टि से भी सबसे अधिक गुणकारी है। इसका रस, अचार के अलावा इन आंवलों को सुखा कर इनके चूर्ण से बनी औषधि अनेक बीमारियों के निदान में रामबाण है। (एजेंसी)

## मकान में लगी आग, सामान जलकर राख



चमोली : तहसील के सिमली कस्बे में सोमवार सुबह एक मकान में आग लग गई। जिसके चलते मकान में रखा कई सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक सिमली पेट्रोल पंप के समीप बृजेश मियां के मकान में सोमवार सुबह अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिए। सूचना पर आसपास के ग्रामीण और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। मकान स्वामी बृजेश मियां ने बताया उनके मकान में शंकर बहादुर पिछले पांच सालों से किराए पर रहता है। जिसके कमरे में अज्ञात कारणों से आग लग लग गई। जिससे पूरा कमरा और सामान जल गया। थानाध्यक्ष राकेश गुसाईं ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं घटनास्थल से महज कुछ दूरी पर पेट्रोल पंप होने से यहां अफरा तफरी का माहौल रहा। बताया जा रहा है कि आग को देखते हुए पेट्रोल पंप में सर्तकता के तहत पेट्रोल वितरण बंद कर दिया गया था। (एजेंसी)

## डोईवाला में हुआ पोस्ट ऑफिस एजेंट ग्रुप का गठन



ऋषिकेश। डोईवाला में पोस्ट ऑफिस एजेंट ग्रुप का गठन किया गया। इसमें आरडी गुप्ता अध्यक्ष और विमला राणा सचिव बनाई गईं। सोमवार को डोईवाला पोस्ट ऑफिस परिसर में एजेंटों की बैठक हुई। इसमें डोईवाला पोस्ट ऑफिस के सुपरिंटेंडेंट अनिल जोशी की उपस्थिति में पोस्ट ऑफिस एजेंट ग्रुप का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से आरडी गुप्ता को अध्यक्ष, उषा कोठारी को उपाध्यक्ष, विमला राणा को सचिव, दीपा वासन को कोषाध्यक्ष, सुरेश चौहान को शहर कोषाध्यक्ष बनाया गया। सुनील चांद और बजरंग गोयल को संरक्षक, सुनीता बलोदी को सहायक संरक्षक, सरोज भंडारी को सहायक सचिव, गोदावरी चौहान को प्रचार मंत्री बनाया गया। सुपरिंटेंडेंट अनिल जोशी ने कहा कि पोस्ट ऑफिस के सभी एजेंटों को वह सहयोग करेंगे और पोस्ट ऑफिस में जमा निधि की योजनाओं के बारे में एजेंटों के माध्यम से जन-जन तक जागरूकता अभियान चलाएंगे।

## आज नहीं चलेंगे तिपहिया वाहन

ऋषिकेश। विक्रम और ओटो के परमिट को डीजल से बदलकर सीएनजी में किए जाने पर उत्तराखंड विक्रम टेम्पो महासंघ ने विरोध जताया है। इसके विरोध में वे मंगलवार को चक्का जाम कर देहरादून में विधानसभा का घेराव करेंगे। तिपहिया वाहनों का संचालन ठप रहने से मंगलवार को लोगों को आवागमन में भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। सोमवार को हरिद्वार मार्ग स्थित उत्तराखंड विक्रम टेम्पो महासंघ कार्यालय में परिवहन संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। महासंघ अध्यक्ष मंहत विनय सा-रस्वत ने कहा कि उत्तराखंड में सरकारी अधिकारी पूंजीपतियों से मिल कर उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए विक्रम एवं अन्य तिपहिया वाहनों को सड़कों से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप लगाया कि आरटीए की बैठक में उद्योगपतियों के दवाब में विक्रम व तिपहिया वाहनों को सड़कों से बाहर करने का आदेश दे दिया गया। इसके विरोध में मंगलवार को चक्का जाम किया जाएगा।

## सहसपुर विधायक ने किया सुद्धोवाला में खेल मैदान की सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ

विकासनगर। सुद्धोवाला और आसपास की ग्राम पंचायतों के युवाओं को जल्द ही खेलों की तैयारी करने का अवसर मिलेगा। यहां सुद्धोवाला में क्षतिग्रस्त खेल मैदान की सुरक्षा दीवार निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। सोमवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया। विधायक ने सोमवार को 70 लाख की लागत से हो रहे सुरक्षा और सौंदर्यीकरण कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। विधायक ने कहा कि क्षेत्रीय युवाओं के लिए एक स्तरीय खेल मैदान जल्द बनाया जाना चाहिए, जिससे राष्ट्रीय खेलों की तैयारी कर रहे युवाओं को अपने प्रदर्शन में निखार लाने का अवसर मिल सके। कहा कि युवाओं का खेलों के प्रति आकर्षित होना स्वस्थ भारत निर्माण की दिशा में पहला कदम है। क्षेत्र के युवाओं को हर सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल खेल मैदान सुरक्षा दीवार निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य को तय समय पर पूरा कर दिया जाएगा। बताया कि सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में अन्य कई बड़ी योजनाओं पर भी जल्द कार्य शुरू होगा। इस दौरान ग्राम प्रधान मुनेश देवी, अधिशासी अभियंता रघुवीर सिंह गुसाईं, एसडीओ डीएस सरियाल, राहुल पुंडीर, वीके शर्मा, रमेश चंदेल, लक्ष्मण गुसाई आदि मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

# फैलता जा रहा संकट

विश्व पर मंडरा रहे आर्थिक संकट के संदर्भ में यह टिप्पणी गौरतलब है कि जब झटके लगते हैं, तो जरूरी नहीं है कि हमेशा गंभीर भूकंप आए। लेकिन बिना झटकों के कभी ऐसे भूकंप नहीं आते। महंगाई, ऊंची ब्याज दर, और कर्ज संकट से पहले दुनिया के कमजोर देश प्रभावित हुए। फिर कहा गया कि उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इसी बीच बात अब धनी देशों तक पहुंच गई है। उसकी पहली मिसाल ब्रिटेन में देखने को मिली है। ब्रिटेन के बन्ड बाजार में जैसी अफरातफरी दिखी है, उसके बाद अर्थशास्त्रियों ने उचित ही यह चेतावनी दी है कि ये झटके दूसरे विकसित देशों तक पहुंच सकते हैं। इस बीच स्विट्जरलैंड के बैंक क्रेडिट सुइसे के दिवालिया होने की अटकलों से चिंता और बढ़ गई है। आशंका यह है कि अगर ये बैंक फेल हुआ, तो उसका लीमैन ब्रदर्स जैसा असर देखने को मिल सकता है। 2007-08 जैसी मंदी की शुरुआत अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक लीमैन ब्रदर्स के ढहने के साथ ही हुई थी। ब्रिटेन में संकट का फौरी कारण नई प्रधानमंत्री ली ट्रस की नीतियां बनी हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते टैक्स दरों में भारी कटौती की। इसका लाभ ज्यादातर धनी तबकों को मिलेगा। लेकिन ट्रस सरकार की दलील थी कि इससे आर्थिक विकास दर को गति मिलेगी। मगर उलटा हुआ। ब्रिटिश सरकार के बन्ड्स और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड की कीमतों में तेजी से गिरावट आई। बैंक अफ इंग्लैंड (ब्रिटेन के सेंट्रल बैंक) ने तब सरकारी बन्ड्स को खरीदने का फैसला कर बन्ड बाजार को संभाला। लेकिन साधारण भाषा में इसका अर्थ यह है कि बैंक नोट की छपाई कर सरकार को देगा। इससे बेशक मुद्रास्फीति और बढ़ेगी। बहरहाल, बात शायद यहीं तक ना रहे। अमेरिका मोटे तौर पर अब गहरे संकट से बचा हुआ है। लेकिन महंगाई वहां भी बेकाबू है। इसलिए माना जा रहा है कि वह भी संकट के असर से बचा नहीं रह पाएगा। इसलिए उचित ही अमेरिकी अखबार वल स्ट्रीट जर्नल ने कहा है कि ब्रिटेन अभी आगाह करने वाली चिडिया की भूमिका निभा रहा है। स्थिति कितनी बुरी है, इसका अनुमान लगाना अभी मुश्किल है। मगर अमेरिका के पूर्व वित्त मंत्री लैरी समर्स की ये टिप्पणी गौरतलब है- श्जब झटके लगते हैं, तो जरूरी नहीं है कि हमेशा गंभीर भूकंप आए। लेकिन बिना झटकों के कभी ऐसे भूकंप नहीं आते। फिलहाल, झटके जरूर महसूस हो रहे हैं।

# किस्मत अगले 25 साल में तय होगी!

**हरिशंकर व्यास**

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को पालनपुर की सभा में कहा और उससे पहले भी कई बार कहा है कि गुजरात का इस बार का चुनाव विधायक या सरकार चुनने के लिए नहीं है, बल्कि अगले 25 साल के लिए गुजरात की किस्मत चुनने का है। इस बात को उन्होंने हिमाचल प्रदेश के चुनाव में अलग करह से कहा था। वहां उन्होंने किस्मत वाली बात नहीं की थी लेकिन यह कहा था कि विधायक के उम्मीदवार पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, मोदी को वोट देना है, मोदी की ताकत बढ़ानी है, कमल पर बटन दबाना है। गुजरात में भी उम्मीदवार का कोई मतलब नहीं है, गुजरात के लोगों को अगले 25 साल में गुजरात की किस्मत तय करने के लिए वोट करना है।

अब सवाल है कि किस्मत अगले 25 साल में तय होगी तो पिछले 27 साल में क्या हुआ? गुजरात में 27 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। उसमें से 13 साल खुद नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री रहे हैं, जिनके बारे में दावा है कि उनके जैसा कोई नहीं हुआ। उन्होंने पूरे राज्य में विकास की गंगा बहा दी। फिर भी किस्मत अगले 25 साल में तय होगी! पिछले 27 साल में से साढ़े 14 साल यानी आधे से ज्यादा डबल इंजन की सरकार रही है। यानी केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार रही है। पहले छह साल अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और पिछले साढ़े आठ साल से खुद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। दिल्ली से ही गुजरात की सरकार चल रही है। फिर भी किस्मत तय नहीं हुई है। किस्मत अगले 25 साल में तय होगी! प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया। सोचें, वह कांग्रेस जो 27 साल से राज्य की सत्ता से बाहर है और इन 27 सालों में सिर्फ 11 साल केंद्र सरकार में रही है। उससे ज्यादा साढ़े 14 साल खुद भाजपा की केंद्र में सरकार रही है। फिर भी कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया। सोचें, कांग्रेस ने विपक्ष में रह कर भी गुजरात को बरबाद कर दिया और ढाई दशक तक सरकार चला कर भाजपा और नरेंद्र मोदी गुजरात को आबाद नहीं कर सके!

हैरानी इस बात पर नहीं है कि प्रधानमंत्री ऐसी बात कर रहे हैं। वे हमेशा ऐसी बात करते हैं। हैरानी इस बात पर है कि गुजरात के लोग इस पर यकीन कर रहे हैं और वे फिर भाजपा को वोट देंगे क्योंकि उनको भी लग रहा है कि कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया।

कांग्रेस पर प्रधानमंत्री का दूसरा आरोप यह है कि उसने गुजरात और गुजरातियों को देश व दुनिया में बदनाम किया। वे हर बार की तरह इस बार भी छह-सात करोड़ गुजरातियों की अस्मिता का मामला उठा रहे हैं। देश के 140 करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री गुजरात का चुनाव जीतने के लिए अस्मिता का दांव लगा रहे हैं। मेधा पाटकर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो गईं तो प्रधानमंत्री दो दिन तक उनके नाम पर वोट मांगते रहे। उनको गुजरात विरोधी बता कर उन्होंने लोगों से कांग्रेस को वोट नहीं देने की अपील की।

बहरहाल, जो पिछले 27 साल में नहीं हुआ वह अगले 25 साल में होगा। भाजपा के लगातार 27 साल तक शासन में रहने के बावजूद पांच में से एक गुजराती गरीबी रेखा के नीचे है। खुद राज्य सरकार ने पिछले साल विधानसभा में यह जानकारी दी थी कि राज्य के 31 लाख से ज्यादा परिवार गरीबी रेखा के नीचे हैं। भूख यानी हंगर इंडेक्स में गुजरात 13वें स्थान पर है और बड़े राज्यों में बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश ही उससे नीचे हैं। बाकी सारे बड़े राज्य उससे ऊपर हैं। जब इस बारे में पूछा जाता है तो राज्य के नेता कहते हैं कि गुजरात की महिलाएं फैशन और सौंदर्य पर ज्यादा ध्यान देती हैं इसलिए खाना नहीं खाती हैं। मानव विकास सूचकांक में गुजरात में 11वें स्थान पर है।

दस राज्य उससे ऊपर हैं। ऐसे राज्य, जहां किसी एक पार्टी की इतने लंबे समय तक सरकार नहीं रही या किसी महामानव ने उन राज्यों में सरकार नहीं चलाई वे राज्य गुजरात से काफी ऊपर हैं। यह उस गुजरात की हकीकत है, जो भाजपा की सरकार बनने से पहले से एक विकसित राज्य रहा है, जहां बड़े उद्योग पहले से हैं, जिसके एक शहर को भारत का मैनेचेस्टर कहा जाता था। कपड़े से लेकर हीरा और पेट्रोकेमिकल्स का हब है गुजरात और फिर भी लोगों को अगले 25 साल की किस्मत तय करने के लिए वोट करना है।



**अब सवाल है कि किस्मत अगले 25 साल में तय होगी तो पिछले 27 साल में क्या हुआ? गुजरात में 27 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। उसमें से 13 साल खुद नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री रहे हैं, जिनके बारे में दावा है कि उनके जैसा कोई नहीं हुआ। उन्होंने पूरे राज्य में विकास की गंगा बहा दी। फिर भी किस्मत अगले 25 साल में तय होगी! पिछले 27 साल में से साढ़े 14 साल यानी आधे से ज्यादा डबल इंजन की सरकार रही है। यानी केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार रही है। पहले छह साल अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और पिछले साढ़े आठ साल से खुद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। दिल्ली से ही गुजरात की सरकार चल रही है। फिर भी किस्मत तय नहीं हुई है। किस्मत अगले 25 साल में तय होगी! प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया। सोचें, वह कांग्रेस जो 27 साल से राज्य की सत्ता से बाहर है और इन 27 सालों में सिर्फ 11 साल केंद्र सरकार में रही है। उससे ज्यादा साढ़े 14 साल खुद भाजपा की केंद्र में सरकार रही है। फिर भी कांग्रेस ने गुजरात को बरबाद कर दिया।**

# राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं

यह पुरानी कहावत है। राजनीति हमेशा नई संभावनाओं से भरी होती है और कुछ भी नामुमकिन नहीं होता है। बिहार में राजद और जदयू का साथ आना, उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा का साथ मिल कर चुनाव लडना और महाराष्ट्र में कांग्रेस व एनसीपी के साथ शिव सेना का तालमेल इसकी मिसाल है। तभी पिछले दिनों जब शिव सेना के नेता आदित्य ठाकरे पटना पहुंचे और राजद नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात की तो यह चर्चा शुरू हुई कि कैसे समय का चक्र 360 डिग्री पर घूम गया है। कुछ समय पहले तक महाराष्ट्र में शिव सेना के नेता बिहारी और पूर्वाचंल के भैया लोगों के खून के प्यासे होते थे। उन पर आए दिन हमला होता था और हर चौराहे पर उनको अपमानित किया जाता था। लेकिन आज शिव सेना का तालमेल भाजपा से टूट गया है तो उसे प्रवासी वोटों की जरूरत है और उसके लिए बिहार की पार्टियां अहम हो गई हैं। मुंबई में प्रवासी आबादी बड़ी है और बिहार की राजनीति उनका वोट प्रभावित कर सकती है। वैसे भी उद्धव ठाकरे के कमान संभालने के बाद शिव सेना का नजरिया बदल गया है और उसने प्रवासियों पर हमले बंद कर दिए हैं। फिर भी भाजपा के नेता सुशील मोदी ने इसका जिक्र किया। उन्होंने बाल ठाकरे वाली असली शिव सेना एकनाथ शिंदे गुट को बताया। लेकिन वे भूल गए कि बाल ठाकरे वाली असली शिव सेना ही प्रवासियों पर हमला करती थी, उद्धव वाली शिव सेना नहीं करती है। इसी तरह प्रवासियों के प्रति ज्यादा नफरत राज ठाकरे ने दिखाई थी और वे भी अभी भाजपा के साथ हैं।

# गुटबाजी के साइडइफेक्ट

**उत्कर्ष गहरवार**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गुरुवार को कांग्रेस नेता सचिन पायलट के खिलाफ दिया गया आक्रामक बयान न तो अचानक आया है और न ही इसे अप्रत्याशित माना जा सकता है। इसकी टाइमिंग जरूर कांग्रेस आलाकमान के लिए परेशानी पैदा करने वाली है, लेकिन इसके पीटे पार्टी में पर्दे के पीटे चलने वाली गतिविधियां हैं। पायलट और गहलोत दोनों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर रस्साकशी के चलते पार्टी में इतनी बार और इतनी बड़ी उठापटकें हो चुकी हैं कि अब उसमें किसी तरह का रहस्य नहीं रहा।

आश्चर्य की बात कुछ हो सकती है तो यही कि दोनों गुटों में दुश्मनी की हद तक जाने वाली कड़वाहट और आलाकमान की ओर से इस विवाद को समय रहते हल करने की कोशिशों के बावजूद समस्या जस की तस है। जहां पायलट को यह जायज शिकायत हो सकती है कि कथित तौर पर आलाकमान का बारंबार आश्वासन मिलने के बाद भी सीएम पद से उनकी दूरी कम होने का नाम नहीं ले रही, वहीं गहलोत की यह



आशंका भी निराधार नहीं है कि मौका मिलते ही पायलट कांग्रेस नेतृत्व के संरक्षण से उनकी कुर्सी छीन सकते हैं।

अब जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश करने वाली है, तब दो दिन पहले गुर्जर नेता विजय सिंह बैंसला ने पायलट को जल्दी मुख्यमंत्री बनाने की मांग करते हुए चेतावनी दे दी कि ऐसा न करने पर राजस्थान में यात्रा का विरोध होगा। हालांकि इससे पहले भी पायलट के पक्ष में दबाव बनाने की प्रत्यक्ष या परोक्ष कोशिशें होती रही हैं, लेकिन बैंसला की मांग के बाद प्रियंका गांधी के साथ पायलट भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए।

इससे कुछ हलकों में माना गया कि संभवतरू अब पार्टी में सर्वोच्च स्तर पर पायलट के पक्ष में फैसला हो जाएगा। ऐसे में गहलोत ने अपने आक्रामक बयान के जरिए अपने समर्थकों को को ही नहीं, विरोधियों को भी आगाह कर दिया कि वह किसी भी प्रतिकूल फैसले को खामोशी से स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल राजस्थान का विवाद कांग्रेस नेतृत्व के लिए इधर कुआं, उधर खाई की स्थिति साबित हो रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान पार करने से पहले कोई भी फैसला उस पर विपरीत प्रभाव डालेगा। इसके अलावा अशोक गहलोत गुजरात विधानसभा चुनावों के प्रभारी हैं। उस लिहाज से भी तत्काल उनके खिलाफ किया गया कोई फैसला ठीक नहीं होगा। राजस्थान विधानसभा चुनाव भी अगले साल ही होने हैं। ऐसे में अगर नेतृत्व परिवर्तन करना है तो उस लिहाज से भी देर करना घातक हो सकता है। लेकिन अगर कुछ न किया जाए तो उसके भी अपने नुकसान हैं क्योंकि पायलट सीएम पद से कम किसी भी चीज पर संतुष्ट होंगे इसके आसार नहीं दिख रहे। कुल मिलाकर राजस्थान विवाद कांग्रेस नेतृत्व के लिए ऐसी भूलभुलैया बन चुका है, जिससे निकलने का कोई रास्ता उसे नजर नहीं आ रहा।

# देसी श्रोताओं के लिए?



क्या भारत आतंकवाद पर दुनिया को अपनी बात समझा पा रहा है? शायद नहीं। हाल ही में पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाले एफएटीएफ के ग्रे लिस्ट से पाकिस्तान को मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित 'नो मनी फर टेरर' मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर जमकर हमला बोला। कहा कि कुछ देश आतंकवाद का समर्थन करते हैं। ये उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। ये देश आतंकवादी संगठनों को राजनीतिक, वैचारिक और आर्थिक मदद भी करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ देश अच्टे और बुरे आतंकवाद की बात करके परोक्ष रूप से इसका समर्थन करते हैं जो पूरी तरह अनुचित है। इन बातों से शायद ही कोई असहमत होगा। लेकिन मुद्दा यह है कि क्या बात आज भारत दुनिया को समझा पा रहा है? अभी हाल ही में पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाले फाइनेंशियल एक्शन टाक्स फोर्स (एफएटीएफ) के ग्रे लिस्ट से पाकिस्तान पर मुक्त कर दिया गया। यानी इस एजेंसी ने यह सर्टिफिकेट दे दिया कि अब पाकिस्तान पर निगरानी की जरूरत नहीं है। उधर अमेरिका ने फिर से पाकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग शुरू कर दिया है। इस तरह एक समय पाकिस्तान का दुनिया से जो अलगाव होता दिख रहा था, वो दौर गुजर चुका है।

पाकिस्तान में अड्डा बनाए बैठे कई आतंकवादियों को जब संयुक्त राष्ट्र की लिस्ट में डालने की बात आई, तो चीन उनका संरक्षक बन कर सामने आ गया। तो यह सवाल जरूर पूछा जाएगा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बातों पर क्यों गौर नहीं किया जा रहा है? और अगर ऐसा हो रहा है, तो भारत सरकार की क्या रणनीति है? प्रधानमंत्री खुद शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में समरकंद गए थे। वहां भारतीय कूटनीति के इस पहलू का कोई असर हुआ, इसके कोई संकेत नहीं हैं। इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तो एक वीडियो में प्रधानमंत्री अपनी पहल पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलते नजर आए। अन्य देशों के साथ संवाद बनाए रखने में कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन संवाद से अपने हितों को आगे बढ़ाने में मदद ना मिल रही हो, तो विदेश नीति और कूटनीति पर पुनर्विचार की जरूरत होती है। यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय पहलू वाले मुद्दों पर देश के श्रोताओं के सामने अपना नैरेटिव रखने से असल में सूरत नहीं बदलती है।

# सर्दियों में घूमने जा रहे हैं तो अपने साथ जरूर रखें ये चीजें

सर्दी के खूबसूरत मौसम में कहीं घूमने जाने का मजा ही कुछ और होता है। ठंडा मौसम, शानदार नजारे और बनफायर आदि के बीच आप खूबसूरत यादें बना सकते हैं। हालांकि, अगर सर्दियों में घूमने की तैयारी सही ढंग से नहीं होगी तो आप घूमने का लुत्फ नहीं उठा पाएंगे। आइए आज हम आपको बताते हैं कि सर्दियों की टुट्टियों में घूमने जाने से पहले ट्रेवलिंग बैग में किन चीजों को रखना बहुत जरूरी है।



**जैकेट और स्वेटर को जरूर रखें**

अगर आप सर्दियों में घूमने जा रहे हैं तो अपने ट्रेवलिंग बेग में जैकेट और स्वेटर को जरूर रखें। ये दोनों ही चीजों को ठंड की मार से बचाकर शरीर को गर्माहट महसूस करवाने और कंफर्टेबल रखने में मदद कर सकती हैं। अगर आप किसी हिल स्टेशन जैसी ठंडी जगह पर घूमने जा रहे हैं तो आपको अपने ट्रेवलिंग बैग में मोटी आर्मी जैकेट और अधिक गर्मी देने वाले स्वेटर रखने चाहिए।

**स्कार्फ और टोपी भी हैं जरूरी**

अगर आप सर्दियों के दौरान किसी बहुत ठंडी जगह पर घूमने जा रहे हैं तो अपने ट्रेवलिंग बैग में स्कार्फ और टोपी को भी जरूर रखें। दरअसल, स्कार्फ की मदद से आपकी गर्दन ठंडी हवाओं के दुष्परिणामों से बच सकती है। वहीं, टोपी की मदद से सिर को ठंड से बचाया जा सकता है। इसलिए घूमने जाने से पहले अपने और अपने परिवार के लिए कुछ अच्छी ऊनी टोपी और रंगीन स्कार्फ खरीदना न भूलें।

**जुराबों और दस्तानों की ट्रेवलिंग बैग में बनाए जगह**

जब लोग सर्दियों के दौरान घूमने जा रहे होते हैं तो उससे पहले वे अपने ट्रेवलिंग बैग में कपड़े तो रख लेते हैं, लेकिन जुराबों और दस्तानों को रखना भूल जाते हैं, लेकिन ये चीजें भी बहुत जरूरी होती हैं। दरअसल, अगर पैर और हाथ पर ठंडी हवा लगेगी तो इससे आपका पूरा शरीर प्रभावित होगा और आप बीमार पड़ सकते हैं। अगर आप ऐसा कुछ नहीं चाहते हैं तो अपने ट्रेवलिंग बैग में जुराबें और दस्ताने रखना न भूलें।

**ट्रेवलिंग बैग में इन चीजों को रखना भी है महत्वपूर्ण**

अगर आप अधिक बर्फबारी वाली जगह पर घूमने जा रहे हैं तो अपने पास एक अच्छी गुणवत्ता वाले सनग्लासेस जरूर रखें क्योंकि बर्फ भी हानिकारक युवी किरणों को दर्शाती है। इसके साथ अपने पास फ्लू की दवा, दर्द निवारक स्प्रे और अन्य जरूरी दवाइयों को भी रखें। इसके अतिरिक्त, अपने पास एक गर्म पानी की बोतल या फिर चाय और कफी का मग रखना न भूलें क्योंकि इन चीजों की मदद से आपको ठंड से कुछ राहत मिलेगी।

# बालों के विकास के लिए जरूरी हैं ये पोषक तत्व, जानिए इनके स्त्रोत

शरीर की तरह आपको भी बालों के विकास के लिए कुछ आवश्यक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। पोषक तत्व बालों के रोम को मजबूत करने, बालों के विकास को बढ़ावा देने और बालों के घनत्व में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको बालों के विकास के लिए जरूरी पांच पोषक तत्वों के बारे में बताते हैं, जिनसे युक्त खान-पान की चीजों को डाइट में शामिल करना लाभदायक है।



**प्रोटीन और अमीनो एसिड**

प्रोटीन और अमीनो एसिड बालों को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए इन पोषक तत्वों से युक्त खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट का हिस्सा जरूरी बनाएं। प्रोटीन के लिए मसूर दाल, राजमा, सोयाबीन, कद्दू के बीज, सूरजमुखी के बीज, तिल के बीज, ब्राउन राइस और मूंगफली का सेवन करें। अमीनो एसिड के मुख्य स्त्रोत सूखे मेवे, टोफू और क्विनोआ आदि होते हैं।

**ओमेगा-3 पीयूएफए**

ओमेगा-3 पीयूएफए यानी पलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड स्कैल्प की सूजन को कम करने और बालों के विकास चक्र में सुधार करने में मदद करते हैं। 2018 के एक अध्ययन में पाया गया कि ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर चीजें बालों के विकास चरण को सक्रिय करने और इन्हें स्वस्थ रखने में मदद कर सकती हैं। बता दें कि सालमन, टूना, अलसी के बीज, जैतून का तेल, अखरोट और अंकुरित अनाज आदि ओमेगा-3 पीयूएफए के बेहतरीन स्त्रोत माने जाते हैं।

**एंटी-अक्सीडेंट**

एंटी-अक्सीडेंट स्कैल्प को सूजन, सूरज की हानिकारक युवी किरणों और अक्सीडेटिव स्ट्रेस से सुरक्षित रखकर बालों को स्वस्थ रख सकता है। एंटी-अक्सीडेंट बालों के विकास को बढ़ावा देने और समय से पहले बढ़ती उम्र के प्रभाव को कम करने में मदद करते हैं। इस पोषक तत्व के लिए आप अपनी डाइट में कद्दू, गाजर, चुकंदर, टमाटर, ब्रोकली, अंडे, संतरा, खरबूजा, तरबूज, अंगूर, सूखे मेवे, बीज और जैतून का तेल शामिल कर सकते हैं।

**विटामिन्स** विटामिन- बी का ग्रुप बालों के विकास के लिए जरूरी है। एक अध्ययन में पाया गया कि विटामिन- बी7 बालों के झडने कम करने में मदद कर सकता है और इसके लिए गाय का दूध, जई, गेहूं के बीज, टमाटर आदि का सेवन करें। विटामिन- बी7 और विटामिन- बी12 स्वस्थ बालों के विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है, जो अनाज, बीन्स, पालक और आलू से मिल सकता है। इसके अतिरिक्त, विटामिन- बी5, बी1, बी2 और बी3 भी जरूरी हैं।

## फीफा वर्ल्ड कप में करारी हार के बाद बेल्जियम में दंगे, वाहनों में आगजनी- कई लोग हिरासत में

**दोहा ,(एजेंसी)।** बीते 20 नवंबर से कतर में फीफा वर्ल्ड कप 2022 टूर्नामेंट शुरू हो चुका है। इस टूर्नामेंट में बीते दिन मोरक्को और बेल्जियम के बीच मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में मोरक्को ने बेल्जियम को 2-0 से हरा दिया। इस मुकाबले के बाद से ही बेल्जियम और नीदरलैंड के कई शहरों में दंगे भड़क उठे। इस मुकाबले में बेल्जियम की करारी हार से फुटबल प्रशंसक भड़क उठे और उन्होंने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। आगजनी और हिंसा को बढ़ता देख सुरक्षा बलों ने काफी मशक्कत के बाद मोर्चा संभालते हुए माहौल शांत कराया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में शामिल दर्जनों लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। दोबारा माहोल न बिगड़ जाए इसके लिए एतिहातन संबंधित क्षेत्रों में गश्त की जा रही है। पुलिस शरारती तत्वों में नजरें बनाए हुए है। कहा ये भी जा रहा है कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## इजरायल ने पारिस्थितिक गलियारों के संरक्षण और विकास के लिए राष्ट्रीय योजना की शुरू

**जेरूसलम ,(एजेंसी)।** इजरायल के पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय ने पूरे देश में पारिस्थितिक गलियारों के संरक्षण और विकास के लिए एक राष्ट्रीय योजना की घोषणा की है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस तरह के गलियारे जानवरों के मुक्त आवागमन और त्वरित निर्माण के बीच पौधों के वितरण की अनुमति देते हैं, जो खुले प्रातिक क्षेत्रों को कम करता है। बयान में आगे कहा गया है कि गलियारे विशेष रूप से जलवायु संकट के बीच पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता के लचीलेपन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। योजना उन बाधाओं को मैप करती है जो पारिस्थितिक गलियारों के कामकाज को बाधित करती हैं और षि, पशु क्रसिंग, वन और वनस्पति, प्रकाश प्रदूषण, सैरगाह आदि के मुद्दों के बारे में लक्षित उपकरण और सिफारिशें प्रदान करती हैं। पहले चरण में योजना पूर्वी इजराइल में 50 किलोमीटर की पट्टी पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो सबसे गहन निर्माण वाले क्षेत्र का हिस्सा है।

## पाकिस्तान ने पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान किया शुरू

**इस्लामाबाद ,(एजेंसी)।** पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के 36 जिलों में पांच साल से कम उम्र के 135 मिलियन बच्चों के टीकाकरण के लिए सोमवार से साल का तीसरा पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कार्यक्रम के तहत पूर्वी पंजाब प्रांत के नौ जिलों, दक्षिणी सिंध के आठ जिलों और दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के छह जिलों में टीका लगाया जाएगा। पाकिस्तान में इस साल पोलियो के कुल 20 मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट किए गए सभी मामले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में थे। हालांकि, देश के अन्य हिस्सों में भी पोलियोवायरस की उपस्थिति का पता चला है।

## बेटी की शादी से कुछ घंटे पहले शराबी पिता ने खत्म की जीवन लीला

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी से कुछ घंटे पहले शराब पीने के लिए फटाकर लगाए जाने पर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अनुसार 58 वर्षीय सुनील कुमार द्विवेदी ने लखनऊ के बाहरी इलाके मोहनलालगंज के टिकरासनी गांव में अपने घर में यह वारदात की। घटना का पता तब चला जब उसके कुछ रिश्तेदार कमरे में पहुंचे और उसे फंदे पर लटका पाया।

# एम्स साइबर अटैक: किसका डेटा लीक!

### पूर्व राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से लेकर गृह मंत्री तक कई वीवीआईपी रहे हैं भर्ती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एम्स में सामान्य लोगों से लेकर देश के टप वीवीआईपी तक का इलाज हुआ है। अगर उनकी केस हिस्ट्री भी डिजिटल रही है और वह साइबर हमलावरों के हाथ लगी है तो वे उस डेटा का किसी भी तरह से दुरुपयोग कर सकते हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व पीएम डा मनमोहन सिंह, कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई बड़े वीवीआईपी एम्स में भर्ती रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारी और जवानों का इलाज भी एम्स में होता रहा है।

दिल्ली स्थित एम्स के रेनसमवेयर साइबर अटैक की जांच के लिए अब कई केंद्रीय एजेंसियां जुटी हैं। एम्स का अनलाइन सिस्टम इतनी बुरी तरह से हैकरों का शिकार हुआ है कि वह चार दिन बाद भी पटरी पर नहीं आ सका। सूत्रों का कहना है कि जांच टीमें, डेटा निकलने का ठीक से अंदाजा भी नहीं लगा पाई हैं। हैकरों की तरफ से रेनसम यानी फिरौती की मांग की गई है। सरकार की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई पहल नहीं हुई है।

यह मालूम किया जा रहा है कि एम्स में जो बैकअप डेटा है, क्या वो पूरी तरह से ठीक है। उसकी किसी फाइल तक तो हैकर नहीं पहुंचे हैं। आईआईटी दिल्ली से साइबर सिक्योरिटी विषय में पीएचडी एवं पूर्व आईपीएस ड. मुक्तेश चंद्र बताते हैं कि इस तरह के साइबर हमलों में दो ही बातें होती हैं। एक, या तो हैकरों की रेनसम देने की मांग मान ली जाती है। दूसरा, अगर सरकार या किसी संस्थान के पास बैकअप डेटा मौजूद है तो वह रेनसम नहीं देते हैं। इसके बाद हैकरों के पास एक ही विकल्प बचता है कि वह चुराए गए डेटा को बेच देते हैं। अगर उनमें कोई वीवीआईपी है तो उसके डेटा का कुछ हद तक दुरुपयोग संभव है। वह डेटा, डार्क वेब पर डाला जा सकता है।

बतौर डा मुक्तेश, अगर किसी व्यक्ति को कोई ऐसी बीमारी है जिसे वह सार्वजनिक नहीं करना चाहता तो डेटा चोरी में उसे नुकसान हो सकता है।

हैकर किसी ऐसे व्यक्ति या संगठन को वह डेटा बेच सकते हैं, जो उसका अपने तरीके से फायदा उठाने की क्षमता रखता है। जानकारों का कहना है कि अभी तक भारत सरकार की पलिसी यही रही है कि ऐसे मामले में पैसे न दिए जाएं। अगर एम्स में बैकअप फाइल मौजूद है और वह साइबर हमले में बच गई है तो रेनसम मांगने वालों से बात नहीं की जाएगी।

पांच साल पहले जब ब्रिटेन के नेशनल हेल्थ सिस्टम एनएचएस पर रेनसमवेयर साइबर अटैक हुआ था, तो 14 दिन तक सारा सिस्टम ठप हो गया था।

मैनुअल तरीके से काम करना पड़ा। भारत में चार साल पहले तक 48 हजार से ज्यादा वेनाक्राई रेनसमवेयर अटैक डिटेक्ट हुए थे। इतना कुछ होने के बाद भी देश में साइबर अटैक से बचने का कोई प्रभावी सिस्टम तैयार नहीं हो सका है।

## इटावा रेलवे स्टेशन के पूछताछ कार्यालय से गूंजा डिंपल भाभी जिंदाबाद!

**इटवा ,(एजेंसी)।** इटावा रेलवे स्टेशन पर यात्री उस समय हैरान रह गए, जब उन्होंने पूछताछ कार्यालय के पब्लिक एड्रेस सिस्टम से एक असामान्य घोषणा सुनी। इसमें मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही डिंपल यादव के लिए समर्थन मांगा। पांच से छह लोगों का एक समूह रविवार को जबरन पूछताछ कार्यालय में घुस गया और वहां स्थापित लगे सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से शडिंपल भाभी जिंदाबाद के नारे लगाने लगा।

घटना के दौरान मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने संवाददाताओं को बताया कि कुछ लोग जबरन पूछताछ कार्यालय में घुसे और करीब 15-20 बार नारेबाजी करने के बाद मौके से फरार हो गए।एक यात्री ने कहा, आम तौर पर पूछताछ कार्यालय के पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल यात्रियों को ट्रेनों की आवाजाही के बारे में बताने के लिए किया जाता है।

## मार्च की अनुमति नहीं, तेलंगाना भाजपा प्रमुख को किया नजरबंद

**हैदराबाद ,(एजेंसी)।** तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष बांदी संजय कुमार को सोमवार से शुरू होने वाली प्रजा संग्राम यात्रा के पांचवें चरण की शुरुआत के लिए भैंसा शहर जाने से रोकने के लिए करीमनगर में नजरबंद कर दिया गया है। पुलिस ने संजय को रविवार रात भैंसा जाने के रास्ते में ही रोक लिया और शांति भंग की आशंका के चलते मार्च की अनुमति नहीं मिलने पर उन्हें वापस करीमनगर भेज दिया।

संजय को कस्बे की ओर जाने से रोकने के लिए उसके घर के आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।करीमनगर से सांसद भाजपा नेता ने घोषणा की है कि पार्टी पदयात्रा की अनुमति देने से इनकार करने के पुलिस के आदेश को तेलंगाना उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे।पदयात्रा का पांचवां चरण भैंसा से शुरू होने वाला है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस दौरान आयोजित पदयात्रा की शुरुआत के लिए जनसभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। जगतियाल में रविवार की रात उस समय तनाव व्याप्त हो गया जब संजय को पदयात्रा की अनुमति नहीं मिलने का हवाला देते हुए निर्मल जिले के भैंसा जाने के रास्ते में रोक लिया गया।वाहन से नीचे उतरने से इंकार करने वाले भाजपा नेता की पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक हुई। संजय के समर्थकों ने काफिले को रोकने की पुलिस की कोशिश का विरोध किया।पुलिस ने भाजपा नेता को हिरासत में लिया और करीमनगर वापस भेज दिया। जगतियाल, कोरुतला, करीमनगर और निर्मल में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। उन्होंने सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## शाकाहारी होना मरीज की गलती नहीं, बीमा कंपनी के दावे को उपभोक्ता आयोग ने किया खारिज

**अहमदाबाद ,(एजेंसी)।** अहमदाबाद की एक जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को एक मरीज को मेडिक्लेम का ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया है। दरअसल, बीमा कंपनी ने शख्स को बीमा क्लेम देने से सिर्फ इसलिए इनकार कर दिया था कि वो शाकाहारी है इसलिए पूरा आहार न मिल पान की वजह से उसके स्वास्थ्य में दिक्कतें आई। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि शाकाहारी होना मरीज की गलती नहीं है। कंपनी के दावे को आयोग ने खारिज किया।मामला, अहमदाबाद में अक्टूबर 2015 का है। सप्ताहभर इलाज के लिए निजी अस्पताल के चक्कर लगाने के बाद मीत ठक्कर ने चक्कर, मतली, कमजोरी और शरीर के बाएं हिस्से में भारीपन का इलाज करवाया। उसे ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक (टीआईए) बीमारी का पता चला था। उसे इलाज में कुल एक लाख रुपए का खर्च आया।हालांकि मीत ठक्कर ने अपनी बीमा कंपनी न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से मेडिक्लेम मांगा। उधर, कंपनी ने अपने निजी डक्टर की राय पर मीत का मेडिक्लेम रिजेक्ट कर दिया। कंपनी ने अपनी तरफ से मीत को जवाब में कहा कि उसे यह बीमारी विटामिन बी 12 की कमी की वजह से हुई है। वह शाकाहारी है और उसे इस कमी को पूरी करने के लिए ननवेज खाना चाहिए था।उधर, कंपनी का जवाब मिलने के बाद मीत ने उपभोक्ता आयोग में बीमाकर्ता के खिलाफ मुकदमा दायर किया। मामले की सुनवाई के बाद, आयोग ने कहा कि शाकाहारियों को बी12 की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## पति से बहस होने पर पत्नी ने अपनी डेढ़ साल की बेटी को उतारा मौत के घाट

**बिजनौर ,(एजेंसी)।** डेढ़ साल की बेटी की उसकी मां ने गुस्से में गला दबाकर हत्या कर दी। घटना बिजनौर जिले के औरंगपुर भिक्कू गांव की है। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा, बच्ची के पिता अंकित सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार को उनकी बेटी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शक के आधार पर बच्ची की मां शिवानी रानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने कहा कि पति के साथ बहस के बाद गुस्से में आकर उसने गला दबाकर बच्ची की हत्या कर दी। अंकित और शिवानी की तीन साल पहले शादी हुई थी। बेटी के जन्म के बाद दोनों अक्सर आपस में लड़ते रहते थे।पुलिस ने कहा कि आरोपी मां के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जिस हथियार से श्रद्धा के किए गए टुकड़े-टुकड़े वो हुआ बरामद, बचे हुए राज खोलेगा नार्को टेस्ट




**दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के लिए चुनौती बने श्रद्धा हत्याकांड में एक अहम सफलता पुलिस के हाथ लगी है। इस हत्याकांड में आफताब द्वारा जिस हथियार से श्रद्धा के टुकड़े-टुकड़े किए गए, वह पुलिस ने बरामद कर लिया है। श्रद्धा वालकर हत्याकांड में आरोपी आफताब पूनावाला का पलीग्राफी टेस्ट चल रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो पुलिस जल्द ही नार्को टेस्ट भी करेगी और आफताब के खिलाफ अपने केस को मजबूत करेगी। आज पुलिस आरोपी को तिहाड़ जेल से निकालकर रोहिणी स्थित एफएसएल डायरेक्टर के पास पहुंची है जहां उसके टेस्ट चल रहे हैं। आइए डालते हैं उन सबूतों और सवालों पर नजर जो आफताब को फंदे के और करीब लेकर जाएंगे।

पुलिस के लिए वारदात में प्रयुक्त हथियार का मिलना एक बड़ी सफलता है। किसी भी हत्या के केस में बडी और हथियार का मिलना जिससे उसे मारा गया बहुत ही अहम सबूत माना जाता है। पुलिस ने श्रद्धा को कई टुकड़ों में तो बरामद कर लिया था लेकिन हथियार की तलाश जारी थी। हत्या में प्रयुक्त हथियार मिलने के बाद पुलिस का पक्ष काफी मजबूत हो गया है।

पुलिस को हथियार के साथ ही उस महिला की तलाश थी जो इस घटना के बाद आफताब के फ्लैट पर आई थी। आफताब ने श्रद्धा की अंगूठी इस महिला को गिफ्ट में दी थी। पुलिस उस महिला तक पहले ही पहुंच चुकी है लेकिन आज वो अंगूठी भी बरामद की गई जो श्रद्धा की थी। पुलिस के लिए यह भी एक अहम सुराग होगा। माना जा रहा है कि आफताब ने श्रद्धा के हाथ से यह अंगूठी उसकी हत्या कर उसके शव के टुकड़े करने के बाद उतारी और नई गर्लफ्रेंड को तोहफे में दे दी।

आफताब का ड्रग्स कनेक्शन से जुड़े तार भी सामने आ गए हैं। गुजरात की सूरत पुलिस ने उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है, जो ड्रग्स पैडलर बताया जा रहा है। सूत्रों से पता है कि गिरफ्तार शख्स की पहचान फैसल मोमिन के तौर पर हुई है और उसे मुंबई से उठाया गया है। पुलिस के लिए उसके द्वारा दिए जाने वाले बयान भी इस केस के लिए अहम माने जा रहे हैं।

पुलिस अब भी आफताब से श्रद्धा के मोबाइल फोन को बरामद नहीं कर पाई है। उससे कई बार पूछा जा चुका है कि उसने वो मोबाइल फोन कहां ठिकाने लगाया, लेकिन अभी तक उसने इस राज को पुलिस से बचाकर रखा है।

आफताब को फांसी के फंदे तक पहुंचाने में श्रद्धा और आफताब का मोबाइल एक अहम भूमिका अदा कर सकता है। पुलिस कोशिश कर रही है कि किसी तरह उसे इन दोनों को मोबाइल हासिल हो जाए तो पुलिस अपने पक्ष को और मजबूत कर सकेंगी।

### जजों की नियुक्ति का मामला

# कलेजियम द्वारा प्रस्तावित नाम पर सरकार ने की देरी, सुको ने की टिप्पणी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में देरी के मसले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने माना कि कलेजियम द्वारा प्रस्तावित न्यायाधीशों की नियुक्ति पर विचार करने में केंद्र द्वारा महीनों की देरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस बात से नाखुश है कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग(छश्र।ब) ने संवैधानिक मस्टर पास नहीं किया। बता दें कि दो दिन पहले केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कहा था कि कलेजियम नहीं कह सकता कि सरकार उसकी तरफ से भेजा हर नाम तुरंत मंजूरी करे। फिर तो उन्हें खुद नियुक्ति कर लेनी चाहिए।

स्कूल में कक्षा 6 से 12 की लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध करवाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि सरकारी, सरकारी अनुदान से चलने वाले और आवासीय स्कूल में लड़कियों को सैनिटरी पैड देने के अलावा अलग टयलेट की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में आदिल शाही वंश के सेनापति अफजल खान के मकबरे के आसपास स्थित ढांचों को गिराने की मौजूदा प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई रोक दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि जब तोड़फोड़ हो चुकी है और सरकार भी कह रही है कि इससे अफजल खान के मकबरे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है तो ऐसे में इस याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर बंबई उच्च न्यायालय के दो आदेशों के खिलाफ दाखिल याचिका पर ही सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि अफजल खान का मकबरा वन भूमि पर है या नहीं, इसके निर्धारण के मांग वाली याचिका 2017 से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। जिसपे अब सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तहलका पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक तरुण तेजपाल की याचिका को खारिज कर दिया। तेजपाल ने बम्बे हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। कोर्ट ने 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में बंद कमरे में सुनवाई के लिए उनके आवेदन को खारिज कर दिया था।

## नवजात को लावारिस छोडने पर अज्ञात माता-पिता पर मामला दर्ज

**पीलीभीत ,(एजेंसी)।** 10 दिन पहले बिलसंडा पुलिस सर्कल के तहत रुरिया धुरिया गांव में झाडियों में पाए गए एक नवजात के अज्ञात माता-पिता पर केस दर्ज किया है। प्राथमिकी बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के निर्देश पर केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अचल सिंह ने बताया कि मामले में उपनिरीक्षक देवानंद शुक्ला ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस द्वारा बचाए जाने के बाद बच्ची को चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया गया। वहां से उसे सीडब्ल्यूसी द्वारा जिला महिला अस्पताल में 18 नवंबर को एक दिन के लिए विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में भर्ती कराया गया।बाद में उसे विशेषज्ञ चिकित्सा सहायता और देखभाल के लिए बरेली के जिला अस्पताल ले जाया गया और 19 नवंबर से 26 नवंबर तक वहीं रखा गया।

## अल-शबाब के आतंकवादियों ने मोगादिशु के होटल पर किया हमला

**मोगादिशु ,(एजेंसी)।** अल-शबाब के आतंकवादियों ने मोगादिशु में भारी सुरक्षा वाले विला रोजा होटल पर धावा बोल दिया है। सोमालिया की राजधानी पुलिस ने यह जानकारी दी। व्यस्त होटल में एक बड़ा बम विस्फोट हुआ। इस होटल में अक्सर सरकारी अधिकारी ठहरते हैं। सोमाली पुलिस बल के प्रवक्ता सादिक दुदिशे ने मारे गए लोगों की संख्या का खुलासा किए बिना स्थानीय मीडिया को बताया, सुरक्षा बलों ने इमारत में फंसे सरकारी अधिकारियों और अन्य लोगों को बचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि चरमपंथी समूह ने राष्ट्रपति भवन के पास होटल के गेट पर विस्फोट किया।सरकारी बल लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे और अभी भी होटल के अंदर आतंकवादियों से लड़ रहे हैं। हम होटल से गोलियों की आवाज सुन सकते हैं।एक दशक से अधिक समय से सरकार के खिलाफ लड़ रहे अल-शबाब आतंकवादियों ने हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि उन्होंने होटल में अधिकारियों की एक सभा को निशाना बनाया था।अफ्रीकन यूनियन ट्रांजिशन मिशन ने हमले की कड़ी निंदा की और सोमालिया की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा, हताहतों और संपत्ति की क्षति को रोकने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सोमाली सुरक्षा बलों की सराहना करता है।अगस्त में पदभार ग्रहण करने के तीन महीने बाद राष्ट्रपति हसन शेख महमूद ने मोगादिशु के एक अन्य लोकप्रिय होटल पर हमले के बाद इस्लामवादी उग्रवादियों के खिलाफ संपूर्ण युद्ध का संकल्प लिया था।

## आग की चपेट में आए दो बहने व भाई, हालत गंभीर

**कुशीनगर ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पिपरा रज्जब गांव में रविवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दो युवतियां के साथ भाई झुलस गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाकर तीनों को सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया। वहां हालत गंभीर बताकर डक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आग लगने की सही वजह सामने नहीं आ सकी है। घटना के समय बच्चों के पिता अपने पशुओं के घोठा पर गए थे। एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

पिपरा रज्जब निवासी छोटेलाल के घर से रविवार की दोपहर तीन बजे के बाद अचानक चीख पुकार सुनाई देने लगी। करीब जाने पर मालूम हुआ कि एक कमरे आग लगी है। कमरे में रखी रजाई में लिपटकर आग में घिरी छोटेलाल की दो बेटियां पूजा य19 वर्ष प्रिया य18 वर्ष और बेटा प्रवेश य14 वर्ष जान बचाने के लिए छटपटा रहे हैं। लोगों ने किसी तरह से आग बुझाकर तीनों को कमरे से बाहर निकाला।

## इंडो-फिजी के वकील को पाया गया अवमानना व अदालत की निंदा का दोषी, हो सकती है जेल

**सुवा ,(एजेंसी)।** भारतीय मूल के प्रमुख वकील रिचर्ड नायडू को एक फैसले में वर्तनी की गलती की ओर इशारा करने के लिए अवमानना और अदालत की निंदा करने का दोषी पाया गया है। नायडू को फरवरी 2022 में अपने फेसबुक पोस्ट के लिए जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें उन्होंने एक मामले में फैसले की एक तस्वीर पोस्ट की थी श्उसमें कोर्ट में सुनवाई वाले इंजेक्शन शब्द को स्वास्थ्य वाले इजेंक्शन शब्द के रूप में लिखकर गलती की है।

नायडू ने अपने पोस्ट में विचारशील चेहरा इमोजी के साथ कहा, हो सकता है कि हमारे न्यायाधीशों को इस सभी टीकाकरण अभियान से बचाने की आवश्यकता हो। मुझे पूरा यकीन है कि सभी आवेदक एक निषेधाज्ञा(इजेंक्शन) चाहते थे।

आरएनजेड ने बताया सुवा में उच्च न्यायालय ने अटर्नी जनरल, अयाज सैयद-खय्यूम की एक शिकायत के बाद पिछले हफ्ते अपना फैसला सुनाया, जिन्होंने नायडू के पोस्ट को दुर्भावनापूर्ण बताया और न्यायपालिका का मजाक उड़ाने के लिए दूसरों को आमंत्रित किया।

सजा और शमन प्रस्तुतियां सुनने के लिए मामले को 5 जनवरी, 2023 को बुलाया जाएगा।

फिजी में अदालत की अवमानना की सजा सीमा तीन से छह महीने के कारावास के बीच है।कानून संघों और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार नायडू की सजा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है।एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि, यह मानता है कि आरोप एक अदालत के फैसले में वर्तनी की त्रुटि को इंगित करने के लिए एक अत्यधिक और राजनीति से प्रेरित प्रतिक्रिया है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करती है।

अधिकार समूह ने एक बयान में कहा, सोशल मीडिया पर एक सार्वजनिक अदालत के फैसले में वर्तनी की गलती को इंगित करने के लिए आपराधिक या प्रशासनिक सजा के साथ एक वकील का पीछा करना स्पष्ट रूप से असंगत है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग करने के उसके अधिकार का उल्लंघन है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल पैसिफिक रिसर्चर केट शुएट्ज ने ट्वीट किया कि आरोप हास्यास्पद हैं और उन्हें बाहर कर देना चाहिए।

एक बयान में द बार एसोसिएशन अफ इंडिया ने फिजी के अटर्नी-जनरल से दोष को रद्द करके कार्यवाही को तत्काल एक संतोषजनक समापन पर लाने का आह्वान किया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कहा, बार एसोसिएशन अफ इंडिया अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का सम्मान करने के लिए फिजियन न्यायपालिका का आह्वान करता है। फिजी न्यायपालिका की प्रतिष्ठित उत्ष्टता किसी भी तरह से केवल बयानों या हास्यपूर्ण टिप्पणियों से कम नहीं होती है।

लॉ काउंसिल अफ अस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा कि, नायडू को प्रक्रियात्मक निष्पक्षता से वंचित किया गया था और उन्हें निष्पक्ष परीक्षण नहीं दिया गया था।

# गोवर्स की हैट्रिक, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया




एडिलेड , ऑस्ट्रेलिया पुरुष हॉकी टीम ने ब्लेक गोवर्स की हैट्रिक की मदद से पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में भारत को 7–4 से मात दी।भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह (तीसरा, 60वां मिनट), हार्दिक सिंह (25वां मिनट) और मोहम्मद रहील (36वां मिनट) ने गोल किये। ऑस्ट्रेलिया के लिये गोवर्स (12वां, 27वां, 53वां) के अलावा जैक वेल्श (17वां, 24वां), जेकब एंडरसन (48वां) और जेक वेटन (49वां मिनट) ने स्कोर किया।पहले मैच में 5–4 की रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले के लिये अधिक आक्रमकता के साथ फील्ड पर उतरी। भारत की फॉरवर्ड पंक्ति ने भी आक्रमक हॉकी खेली लेकिन डिफेंस की कमी उनपर भारी पड़ी।

तीसरे चर्टर की समाप्ति तक ऑस्ट्रेलिया सिर्फ 4–3 से आगे था। चौथे चर्टर की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय डिफेंस के लचर प्रदर्शन का फायदा उठाते हुए तीन गोल किये और मैच अपनी मुी में कर लिया। हरमनप्रीत ने आखिरी मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से गोल किया लेकिन यह सिर्फ हार की अंतर को ही कम कर सका।

ऑस्ट्रेलिया के जेक हार्वी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एडी ओकेनडेन का 400वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती पलों में गेंद को अपने कब्जे में रखा लेकिन तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिलने पर कप्तान हरमनप्रीत की सटीक ड्रैग–फ्लिक ने भारत को पहली सफलता दिलाई।

भारत की बढ़त जल्द ही कम हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार पेनल्टी कार्नर में नाकाम रहने के बाद पांचवें प्रयास में गोल कर लिया।

दूसरे चर्टर के पहले मिनट में हार्वी ने भारत की पिछली पंक्ति को छकाते हुए गेंद वेल्श को पास की जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 2–1 कर दिया। अगले कुछ मिनटों में ऑस्ट्रेलिया को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से एक का फायदा उठाकर वेल्श ने स्कोरकार्ड 3–1 पर पहुंचा दिया।

हार्दिक ने हाफ टाइम से पहले गोल करके भारत को मैच में बरकरार रखा, हालांकि 27वें मिनट में गोवर्स के गोल के कारण ऑस्ट्रेलिया 4–2 से आगे चल रही थी।

तीसरे चर्टर में भारत ने आक्रमक प्रदर्शन करके मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे मोहम्मद रहील ने 36वें मिनट में गोल किया जबकि भारतीय रक्षण ने ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर नेट तक पहुंचने का मौका नहीं दिया।

भारत ने चौथे चर्टर में 3–4 से शुरुआत करते हुए स्कोर को बराबर करना चाहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पहले सात मिनटों में ही तीन गोल कर लिये।

एंडरसन ने 48वें मिनट में गोल किया जबकि उनके एक मिनट बाद ही वेटन ने भी स्कोर किया। गोवर्स ने 47वें मिनट में विफल होने के बाद 53वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से गोल करते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की।

भारत ने मैच के आखिरी क्षणों में ऑस्ट्रेलिया की पिछली पंक्ति पर दबाव बनाया, जबकि हरमनप्रीत ने 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर मैच को सम्मानजनक रूप से खत्म किया।

इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2–0 की बढ़त बना ली है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे मुकाबले के लिये बुधवार को आमने–सामने होंगे।

### भारत ने उज्बेकिस्तान को 28–22 गोल से दी मात

नयी दिल्ली , भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में खेले गए अपने तीसरे लीग मैच में उज्बेकिस्तान को 28–22 से हराया। दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 24 नवंबर से चार दिसंबर के बीच आयोजित टूर्नामेंट में भारतीय खिलाडियों ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ शानदार खेल की प्रदर्शन किया और मध्यांतर तक 13–7 से बढ़त बना ली थी। भारत की मेनका ने उम्दा खेल दिखाया और प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वाधिक आठ गोल दागने में सफलता हासिल की। इसके अलावा भावना ने सात गोल किए। सोनिका, प्रियंका व प्रियंका ठाकुर ने तीन–तीन जबकि शालिनी ठाकुर ने तीन गोल दागे। निधि शर्मा व सुषमा को एक–एक गोल करने में सफलता मिली। मैच में कई सुंदर बचाव करने वाली नीना शील को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। दूसरी ओर उज्बेकिस्तान टीम से मदीना खुदोयाकुलोवा ने पांच, रूखसाना रुजेइवा, दिनजोवा, कारोस ओबिदजोनोवा वोसलजोनोवा ने तीन–तीन गोल किए। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि चैंपियनशिप में भारत अपना अंतिम पूल मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। इस मैच में जीत के आधार पर भारत के पास विश्व सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए क्वलीफाई करने का अवसर मिलेगा।

# मोरक्को ने 24 साल बाद चखा विश्व कप विजय का स्वाद



अल सुमामा ,मोरक्को ने फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप–एफ मुकाबले में बेल्जियम को हराकर 24 साल बाद विश्व कप जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में एक और उलटफेर को अंजाम दिया।अल सुमामा स्टेडियम पर खेले गये मैच में मोरक्को के लिये अब्देल हामिद साबिरी (73वां मिनट) और जकरिया अबूखलाल (90+2 मिनट) ने गोल किये। विश्व की नंबर दो टीम बेल्जियम एक भी गोल नहीं कर सकी।बेल्जियम ने मैच की शुरुआत आक्रमकता के साथ की लेकिन मोरक्को के कठिन रक्षण ने उन्हें गोल तक पहुंचने का मौका नहीं दिया। पहला हाफ शून्य गोल पर समाप्त होने के बाद मोरक्को ने दूसरे हाफ में बेल्जियम पर दबाव बनाया और 73वें मिनट में उन्हें पहली सफलता प्राप्त हुई। साबिरी ने बाईं ओर से फ्री किक लेते हुए गोल पर निशाना लगाया और बेल्जियम के गोलकीपर थिबाउट कोटीइस के गलत आंकलन के कारण मोरक्को ने 1–0 की बढ़त बना ली।बेल्जियम ने स्कोर को बराबर करने के लिये अपने सभी खिलाड़ी आक्रमण पंक्ति में लगा दिये। अबूखलाल ने इसका फायदा उठाते हुए अतिरिक्त समय में गोल किया और मोरक्को के लिये तीन बहुमूल्य अंक सुनिश्चित किये।यह फीफा विश्व कप इतिहास में मोरक्को की कुल तीसरी जीत है, जबकि अपनी पिछली जीत उन्होंने 1998 में दर्ज की थी।मोरक्को एक जीत और एक ड्रॉ के साथ ग्रुप–एफ की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है, जबकि बेल्जियम एक जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे–चौथे स्थान पर मौजूद क्रोएशिया और कनाडा आज अल रैयान के खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर आमने–सामने होंगे।

# पीटी ऊषा बनेंगी भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष, रेस ट्रैक से बाहर रचेंगी नया इतिहास



नई दिल्ली , रेस ट्रैक पर भारत के लिए नई उंचाईयां छूने वाली महान एथलीटी पीटी ऊषा के शानदार करियर में अब एक और उपलब्धि जुडने जा रही है। एशियन गेम्स में कई गोल्ड मेडल और ओलिंपिक में भारत की पहचान बनाने वाली पीटी ऊषा अब भारतीय ओलिंपिक संघ की बॉस बनने जा रही हैं। पीटी ऊषा ने आईओए अध्यक्ष के चुनाव लडने का ऐलान किया था और अब उनका निर्विरोध चयन लगभग तय है। 10 दिसंबर को इसका औपचारिक ऐलान हो सकता है और इस तरह वह आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बन जाएंगी।आईओए के चुनाव 10 दिसंबर को होने हैं और इस पद के लिए वह अभी तक अकेली उम्मीदवार हैं। इन चुनावों के लिए नामांकन की समयसीमा रविवार 27 नवंबर ही थी, जो खत्म हो चुकी है। ऐसे में अब पीटी ऊषा का निर्वाचन महज औपचारिकता रह जाएगा। ऊषा के इस निर्वाचन के साथ ही खेल संघों में सबसे उंचा पद संभाल रहे पूर्व खिलाडियों में एक और नाम जुड़ जाएगा। हाल के वक्त में हॉकी और फुटबॉल में ये बदलाव हुआ है, जबकि इन सबसे अलग बीसीसीआई में भी ये बदलाव हुआ है।

**ऊषा की टीम में 14 और लोग**

दिग्गज भारतीय रेसर ने रविवार को अपना नामांकन दाखिल किया। सिर्फ पीटी ऊषा ही नहीं, बल्कि इन चुनावों में उनकी टीम के रूप में 14 अन्य लोगों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसमें ओलिंपिक मेडलिस्ट निशानेबाज गगन नारंग, पहलवान योगेश्वर दत्त जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। कई एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 58 साल की उषा 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं थी।

**इन पदों के लिए है होड़**

आईओए के चुनाव अधिकारी उमेश सिन्हा को शुक्रवार और शनिवार को कोई नामांकन नहीं मिला लेकिन रविवार को विभिन्न पदों के लिए 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किये। इन चुनावों में उपाध्यक्ष (महिला), संयुक्त सचिव (महिला) के पद के लिए मुकाबला होगा। एग्जीक्यूटिव काउंसिल के चार सदस्यों के लिए 12 प्रत्याशी मैदान में है।

आईओए में एक अध्यक्ष, एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष (एक पुरुष और एक महिला), एक कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव (एक पुरुष और एक महिला), 6 अन्य एग्जीक्यूटिव काउंसिल सदस्यों के लिए चुनाव होंगे। इनमें दो (एक पुरुष और एक महिला) निर्वाचित एसओएम से होंगे। कार्यकारी परिषद के दो सदस्य (एक पुरुष और एक महिला) एथलीट आयोग के प्रतिनिधि होंगे।

# गंडास ने जीता वूटी मास्टर्स 2022



विकाराबाद , गुरुग्राम के मनु गंडास ने आखिरी दौर में छह–अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को वूटी मास्टर्स का पहला संस्करण जीत लिया।वूटी गोल्फ कोर्स पर आयोजित एक करोड़ की इनामी राशि वाली प्रतियोगिता में गंडास (63–68–67–66) ने 24–अंडर 264 के कुल स्कोर के साथ इस साल का अपना पांचवां खिताब जीता।

उन्होंने इस जीत के साथ एक साल में सबसे ज्यादा पीजीटीआई खिताब हासिल करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इससे पहले युवराज सिंह संधू (2022), गगनजीत भुल्लर (2009) और अशोक कुमार (2006–07) एक साल में पांच प्रतियोगितायें जीत चुके हैं। गंडास ने सबसे कम स्कोर (24–अंडर 264) के साथ पीजीटीआई खिताब जीतने के रिकॉर्ड की भी बराबरी की, जो पहले अनिर्बान लाहिड़ी, राशिद खान और अक्षय शर्मा के पास था। गंडास ने जीत के बाद कहा, मैंने एक समय में एक शॉट खेला और वर्तमान पर ध्यान दिया। मैंने आखिरी नौ होल पर खराब शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद स्थिर रहा और अपने लिये बर्डी के बहुत से अवसर बनाये। कुछेक गलतियों को छोडक़र यह एक ठोस प्रदर्शन था।

## फिल्मी गपशप

# कार्तिक आर्यन कबीर खान की फिल्म में बॉक्सर की भूमिका में आएंगे नजर



अभिनेता कार्तिक आर्यन के खाते में कई बड़ी फिल्में जुड़ी हैं। खबरों की मानें तो कबीर खान की अगली फिल्म में वह बॉक्सर की भूमिका में नजर आ सकते हैं। अभी इस फिल्म का शीर्षक तय नहीं किया गया है। कबीर फिल्म का निर्देशन करेंगे, जबकि साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन हाउस द्वारा इसका निर्माण किया जाएगा। 83, स्त्री और द फैमिली मैन के डायलॉग लिखने वाले लेखक सुमित अरोड़ा ने इसकी कहानी लिखी है।


रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक ने फिल्म में बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए कमर कस ली है। फिल्म के लिए वह अपनी शारीरिक संरचना में भी बदलाव लाएंगे। एक सूत्र ने कहा, यह फिल्म कार्तिक के लिए एक बड़ी चुनौती होने जा रही है। उन्हें बॉक्सर की भूमिका निभाने के लिए अपना वजन बढ़ाना होगा। उन्होंने पहले ही राजकोट में राहुल भट्ट के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

राहुल भट्ट एक फिटनेस ट्रेनर हैं, जिन्होंने कई हस्तियों को ट्रेनिंग दी है। कार्तिक से पहले उन्होंने अभिनेता आमिर खान को फिटनेस की ट्रेनिंग दी थी। दंगल की भूमिका के लिए आमिर ने राहुल की मदद ली थी।

सूत्र की मानें तो कार्तिक को बड़े स्तर पर तैयारी की जरूरत है। शारीरिक संरचना के साथ–साथ उन्हें अपनी बॉडी लैंग्वेज भी बदलनी होगी। एक बॉक्सर की भूमिका में खुद को ढालने के लिए उन्हें महीनों की मेहनत लगेगी। इसके लिए वे एक्सरसाइज के साथ–साथ सख्त डाइट रूटीन का पालन कर सकते हैं। दर्शकों को पर्दे पर कार्तिक का अलग अवतार देखने को मिलेगा। फिलहाल इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

कार्तिक साजिद के साथ सत्यप्रेम की कथा पर भी काम कर रहे हैं। इस महीने के अंत में इस फिल्म की शूटिंग समाप्त हो सकती है। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है, जिसमें उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल 29 जून को बड़े पर्दे पर आएगी। इसका निर्देशन समीर विद्वंस कर रहे हैं। बता दें कि भूल भुलैया 2 में कार्तिक और किया1I की जोड़ी ने कमाल कर दिया था।

कार्तिक अपनी फिल्म प्यार का पंचनामा 3 में अभिनय करते दिखेंगे। इसके लिए उन्होंने निर्देशक लव रंजन के साथ हाथ मिलाया है। इसके अलावा वह फ्रेडी, लुका छिपी 2 और शहजादा जैसी फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वह हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। फिल्म आशिकी 3 के हीरो भी कार्तिक ही हैं। इस अभिनेता की हालिया कई फिल्मों ने सिनेमाघरों में बंपर कमाई की है।




### पोज देने के चक्कर में खिसक गई जिनल जोशी की ड्रेस

मराठी एक्ट्रेस जिनल जोशी इंस्टाग्राम पर हमेशा अपने बोल्ड फोटोज और वीडियोज शेयर कर के फैंस का अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। एक्ट्रेस जिनल जोशी हमेशा से अपनी बोल्ड और स्टनिंग हॉट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जिनल जोशी ने अपनी ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पिंक कलर का शॉर्ट डीपनेक ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस जिनल जोशी इन तस्वीरों में अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जिनल जोशी ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस जिनल जोशी के सेक्सी पोज देने के चक्कर में ड्रेस खिसक गई है।

# वरुण धवन की हॉरर फिल्म भेड़िया ने पहले दिन कितनी कमाई की ?



अभिनेता वरुण धवन की हॉरर फिल्म भेडिया ने रिलीज होते ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर लिया है। फिल्म 25 नवंबर को सिनेमाघरों में आई है। फिल्म रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने फिल्म की तारीफ में खूब कसीदे पढ़े। अब इसका पहले दिन का कलेक्शन सामने आ गया है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब सात करोड़ रुपये कमा लिए हैं।मशहूर समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर फिल्म की कमाई का आंकड़ा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म ने ओपनिंग डे को 7.48 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसे एक ठीक–ठाक शुरुआत माना जा रहा है। ज्यादातर समीक्षकों का आंकलन है कि वीकेंड में फिल्म की कमाई की रफ्तार बढ़ सकती है। फिल्म को जिस प्रकार के रिव्यूज मिल रहे हैं, उसे देखते हुए मेकर्स का उत्साह बढ़ा हुआ है।वहीं, इस फिल्म ने दुनियाभर में करीब 12 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। अभिनेता वरुण ने ट्विटर पर इस संबंध में जानकारी शेयर की है। उन्होंने एक पोस्टर शेयर करते हुए फैंस के साथ अपनी खुशी बांटी है। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। अमर कौशिक इस फिल्म के निर्देशक हैं। बता दें कि इससे पहले अमर ने स्त्री जैसी जबरदस्त हॉरर फिल्म का निर्देशन किया था।भेडिया ने सिनेमाघरों में आते ही अजय देवगन की थ्रिलर फिल्म दृश्यम 2 को कड़ी टक्कर दी है। दृश्यम 2 ने अब तक भारत में 112.53 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसने अपने पहले वीकेंड में ही 64.14 करोड़ रुपये जुटा लिए थे। शुक्रवार को फिल्म ने अपने खाते में 7.87 करोड़ रुपये का इजाफा किया। अब ये तो वक्त बताएगा कि आने वाले दिनों में कमाई की रेस में कौन फिल्म आगे निकलती है।भेडिया में वरुण के साथ अभिनेत्री कृति सैनन ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। फिल्म में दोनों के अभिनय को सराहा जा रहा है। वरुण और कृति इससे पहले रोहित शेट्टी की दिलवाले में दिखे थे। दीपक डोबरियाल, अभिषेक बनर्जी और पालिन कबाक जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय की धार दिखाई है। कुछ दर्शकों ने फिल्म के वीएफएक्स की तारीफ की है। भेडिया दिनेश विजान के भूतिया यूनिवर्स की तीसरी फिल्म है। इससे पहले वह स्त्री और रूही लाए थे।यह फिल्म रिलीज के दिन ही कई पायरेटेड वेबसाइटों पर ऑनलाइन लीक हो चुकी है।

# सलाम वेंकी में पत्रकार बनेंगी अहाना कुमरा



टीवी और फिल्म अभिनेत्री अहाना कुमरा ने पहली बार एक पत्रकार की भूमिका निभाने के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि रेवाही के निर्देशन में बनी फिल्म सलाम वेंकी में काजोल के साथ काम करना कैसा रहा। अभिनेत्री, जो लिपस्टिक अंडर माय बुर्का, अवरोध 2, एजेंट राघव, खुदा हाफिज और कई अन्य परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं, ने अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने कभी पत्रकार की भूमिका नहीं निभाई मेरे अब तक के करियर में और यह दिलचस्प है कि मैं भूमिका निभाने में सक्षम हूं और ऐसे महान कलाकारों की टुकड़ी का हिस्सा भी हूं जहां आपको अभिनेताओं, निर्देशक, सिनेमैटोग्राफर और निर्माता के ऐसे अविश्वसनीय दल के साथ काम करने का अवसर मिला है।

काजोल और रेवती के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया, मेरा अनुभव अभूतपूर्व था, हालांकि मेरे पास काजोल के साथ ज्यादा सीन नहीं थे। हमारे साथ सिर्फ एक सीन था और उन्हें सीक्वेंस परफॉर्म करते हुए देखना अपने आप में एक अनुभव था।

ऐसी अभिनेत्री से सीखना अविश्वसनीय है जो अपने क्षेत्र में एक दिग्गज हैं और उद्योग में इतने लंबे समय से काम कर रही हैं। सेट पर उनकी ऊर्जा अविश्वसनीय थी।रेवती द्वारा निर्देशित सलाम वेंकी में काजोल मुख्य भूमिका में हैं। यह एक महिला और उसके जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं की कहानी है। यह 9 दिसंबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### अगले साल शुरू होगी द फैमिली मैन 3 की शूटिंग, मनोज बाजपेयी ने की पुष्टि

द फैमिली मैन के अब तक दो सीजन आ चुके हैं और दर्शकों को इसके तीसरे सीजन का इंतजार है। इसमें लोकप्रिय अभिनेता मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। मनोज ने ही अब इसके तीसरे सीजन को लेकर एक अहम जानकारी दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि इसके तीसरे सीजन की शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कुछ कहा। मनोज ने कहा, अमेजन प्राइम इस प्रोजेक्ट की शूटिंग बहुत पहले शुरू करना चाहती थी, लेकिन दोनों निर्देशक राज निदिमोरु व कृष्णा डीके और मैं इस साल के अंत तक अपने अन्य प्रोजेक्ट में व्यस्त हूं।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com